*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जुलाई, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 253

सुशील मोदी ने नीतीश के वन-टू-वन और तेजस्वी - राहुल पर कसा तंज : बिहार में भी बन सकती है महाराष्ट्र जैसी स्थिति






## टेरर फंडिंग मामलों में दिनेश गोप से पूछताछ करेगी इडी



**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली है। अब टेरर फंडिंग के कई मामलों में इडी उससे से पूछताछ करेगी। पीएलएफआइ सुप्रीमो फिलहाल होटवार स्थित जेल में बंद है। जानकारी के अनुसार इडी को टेरर फंडिंग के कई मामलों में दिनेश गोप की संलिप्तता मिली है। इसके साथ ही साथ धुर्वा थाना पुलिस द्वारा दिनेश गोप से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी और मामले में बरामद कैश सहित अन्य लग्जरी गाड़ियों को लेकर भी उससे पूछताछ की जायेगी।

### महाराष्ट्र में 'खेला' : 'जूनियर पवार' ने दी 'सीनियर पवार' को पटखनी

# पांचवीं बार डिप्टी सीएम बने अजित पवार, आठ विधायक भी मंत्री बने

- 30 विधायकों के साथ एनडीए में हुए शामिल
- एनसीपी प्रमुख को भनक तक नहीं लगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रविवार को बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ। एनसीपी विधायक दल के नेता अजित 'जूनियर' पवार ने पार्टी सुप्रीमो शरद 'सीनियर' पवार को एक बार फिर पटखनी दी। सुबह अजित पवार ने अपने समर्थक विधायकों की बैठक बुलायी। बैठक के बाद वह 30 विधायकों के साथ राजभवन पहुंचे और राज्यपाल रमेश बैस को एकनाथ शिंदे सरकार को समर्थन देने का पत्र सौंपा। साथ ही उन्होंने एनडीए में शामिल होने की घोषणा भी की। इसके बाद आनन-फानन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी की गयी और दोपहर ढाई बजे अजित पवार को डिप्टी सीएम और आठ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। शपथ लेने के तुरंत बाद अजित पवार ने ट्विटर प्रोफाइल बदला और लिखा, डिप्टी सीएम ऑफ महाराष्ट्र। जिन आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली, उनमें छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ शामिल हैं। बताया जाता है कि अजित समेत बाकी विधायक शरद पवार के पटना में विपक्षी एकता बैठक में मंच साझा करने और राहुल गांधी के साथ सहयोग करने के एकतरफा फैसले से नाराज थे। महाराष्ट्र में अगले साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके छह महीने पहले आम चुनाव होंगे। अजित के सरकार में शामिल होने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि हमारी सरकार को एनसीपी के 40 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में अब महाराष्ट्र में नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को मिल सकता है। विपक्ष में सबसे ज्यादा 44 सीटें कांग्रेस के पास हैं।



शपथग्रहण के बाद एकनाथ शिंदे (बायें से), राज्यपाल रमेश बैस, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार।

## पार्टी के नाम और सिंबल पर ही लड़ेंगे : अजित पवार

शपथ ग्रहण समारोह के बाद अजित पवार ने मीडिया से कहा कि मंत्रिमंडल का और विस्तार होगा। कुछ मंत्री सरकार में शामिल हो सकते हैं। कई दिनों से इस बारे में बातचीत चल रही थी। पीएम मोदी देश के विकास के लिए पिछले नौ साल से कई काम कर रहे हैं। मुझे लगा कि हमें भी उनका साथ देना चाहिए। इसलिए मैं एनडीए में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को विकास करने वाला नेतृत्व चाहिए। भुजबल और मैंने विकास को तवज्जो दी। केंद्र का सहयोग और पैसा महाराष्ट्र को मिलता रहे, इसलिए हमने यह फैसला लिया। पार्टी भी हमारे साथ है। आगे भी सभी चुनाव हम पार्टी के नाम और सिंबल पर ही लड़ेंगे।

## पार्टी फिर से खड़ी करके दिखाऊंगा : शरद पवार

अजित और छगन भुजबल की प्रेस कांफ्रेंस के बाद शरद पवार मीडिया के सामने आये। उन्होंने कहा कि पार्टी मैंने बनायी थी। पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मुझे पूरा विश्वास है। मैं महाराष्ट्र में घूम कर कार्यकर्ताओं को एकजुट करूंगा। अजित ने पार्टी से बगावत की है। 2024 का चुनाव विपक्ष के साथ मिलकर लड़ा जायेगा। उन्होंने बगावत के बारे में कहा कि यह कोई नयी बात नहीं है। 1980 में मैं जिस पार्टी का नेतृत्व कर रहा था, उसके 58 विधायक थे। बाद में सभी चले गये और केवल छह विधायक बचे, लेकिन मैंने संख्या को मजबूत किया और जिन्होंने मुझे छोड़ा, वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हार गये।

**बैठक में सुप्रिया सुले मौजूद थीं** : अजित पवार ने रविवार को मुंबई में अपने सरकारी आवास पर पार्टी के कुछ नेताओं और विधायकों के साथ बैठक की। इसमें पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले मौजूद थीं। अजित पवार के राजभवन पहुंचने के दौरान शरद पवार पुणे में थे। उन्हें विधायकों की बैठक की जानकारी नहीं थी। बाद में जब उन्हें इसका पता लगा, तो उन्होंने कहा कि अजित पवार विपक्ष के नेता हैं, तो उन्हें विधायकों की बैठक बुलाने का अधिकार है।

# आज बेबी देवी मंत्री पद की शपथ लेंगी

- दिवंगत जगरनाथ महतो की हैं पत्नी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी सोमवार को यहां राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी कैबिनेट के सहयोगी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। राज्य के शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के छह अप्रैल को निधन होने के बाद से ही यह कयास लगाये जाने लगे थे कि उनकी पत्नी या पुत्र को डुमरी उपचुनाव से पहले कैबिनेट में शामिल किया जायेगा।

### ढाई महीने से क्षेत्र में सक्रिय हैं बेबी

बेबी देवी की चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। चारों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू सबसे छोटे हैं। दिवंगत मंत्री की पत्नी की पहचान हमेशा एक कुशल गृहिणी के रूप में रही है। पूर्व में कभी-कभार वह जगरनाथ महतो के साथ पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होती थीं। मंत्री के निधन के बाद पिछले ढाई महीने से वह डुमरी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से अपने पुत्र अखिलेश महतो के साथ भाग ले रही हैं। बेबी देवी का मायका टुंडी विधानसभा क्षेत्र के गोमो स्थित जीतपुर में है। बेबी देवी ने पिछले दिनों पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन से रांची स्थित आवास पर मुलाकात की थी।



## गजवा-ए-हिंद केस में बिहार, यूपी और गुजरात में एनआइए का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** गजवा-ए-हिंद मामले में बिहार, यूपी और गुजरात में एनआइए और एटीएस ने छापा मारा। बिहार के पटना और दरभंगा में छापेमारी की गयी है। रविवार की सुबह पांच बजे टीम ने दोनों जगह एक साथ कार्रवाई की है। छापामारी करीब आठ घंटे तक चली। यूपी के बरेली में भी टीम ने छापेमारी की है। गुजरात में एक जगह पर छापेमारी की गयी। इन जगहों से मोबाइल, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, कुछ डिजिटल डिवाइस सहित कुछ आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया है। दरभंगा में बहेरा थाना क्षेत्र के गाजियाना गांव और छोटकी बाजार में टीम ने कार्रवाई की। दोनों गांवों से टीम पांच युवकों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। चार घंटे चली पूछताछ के बाद टीम ने सभी को छोड़ दिया। इनमें से एक युवक पटना के मदरसे में रह कर पढ़ाई करता था। युवक अरबी भाषा को ट्रांसलेट करने में माहिर है। एनआइए को इनपुट मिला था कि उसका आइएसआइ से कनेक्शन है। इसके बाद यह छापा मारा गया था। टीम यहां से दो मोबाइल और बैंक डिटेल भी साथ ले गयी।

# हरमू मारपीट मामले में 30 लोगों के खिलाफ एफआइआर

## सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू बाजार में शनिवार रात स्कूटी से बाइक में हुई टक्कर के बाद हुई मारपीट की घटना को लेकर अरगोड़ा थाने में कुल 30 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है। इस घटना में एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे से मार कर आशीष को घायल कर दिया था। इसके बाद मामला बढ़ गया और दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। इस मामले में अब अरगोड़ा पुलिस एफआइआर दर्ज करने के बाद आरोपियों की शिनाख्त में जुट गयी है। बताया जाता है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे मारपीट में शामिल युवकों की तलाश कर रही है।

### घटना के विरोध में बंद रहीं दुकानें




बढ़ते विवाद के कारण हरमू बाजार की आज अधिकांश दुकानें बंद रहीं। हालांकि इस इलाके में पुलिस मुस्तैद थी, लेकिन व्यापारियों ने अपनी दुकान आज बंद रखी। फिलहाल इलाके में शांतिपूर्ण स्थिति कायम है।

**क्या था मामला :** शनिवार रात को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाजार में एक स्टूडियो संचालक की मोटर साइकिल में स्कूटी सवार ने धक्का मार दिया था। इसके बाद स्टूडियो संचालक आशीष कुमार ने स्कूटी सवार से कहा कि उनकी गाड़ी में जो क्षति हुई है, उसके एवज में पैसा दें। इस पर युवक ने कहा कि फोन कर घर से पैसा मंगवाकर देता हूं। इसके बाद उस युवक ने किसी को फोन किया और एक दर्जन से ज्यादा लोग लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे। वहां पहुंचने पर सभी लोगों ने मिल कर आशीष के साथ मारपीट की। फिर सभी वहां से फरार हो गये। जिस बाइक सवार युवक ने फोन कर अन्य युवकों को बुलाया, उसने यह नहीं बताया कि स्कूटी और बाइक में टक्कर का मामला है। उसके लोगों ने घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की थी। हालांकि रांची पुलिस की त्वरित कार्रवाई से वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके।

# देवघर श्रावणी मेला का उद्घाटन आज

## झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित दुम्मा में होगा राजकीय समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन समारोह सोमवार को देवघर में झारखंड के प्रवेश द्वार दुम्मा में होगा और चार जुलाई से सावन मेला शुरू होगा। सूचना है कि कृषि मंत्री बादल इसका उद्घाटन करेंगे, हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। मेले की सारी तैयारी पूरी की जा चुकी है। पूरे देवघर को सजाया गया है। मलमास के कारण इस बार दो महीने तक के लिए व्यवस्था की गयी है। दुम्मा से खिजुरिया तक आठ किलोमीटर कांवरिया पथ पर पहली बार गंगा की मिट्टी बिछायी गयी है। कांवरिया पथ पर 10 हजार क्षमता वाले आध्यात्मिक भवन में कांवरियों को सस्ती दर पर भोजन मिलेगा।

कांवरियों की कतार लगाने को लेकर रूट लाइन में वाटर प्रूफ पंडाल लगाये गये हैं। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा बढ़ाने और भीड़ नियंत्रण के लिए कई नयी व्यवस्थाएं की हैं। इनमें पहली बार डिजिटल मिस्ट कूलिंग सिस्टम, शीघ्र दर्शनम कतार और व्यवस्था में बदलाव शामिल हैं। अब शीघ्र दर्शनम कूपन के लिए पुरोहितों द्वारा बार-बार फॉर्म भरने की झंझट खत्म कर दी गयी है। पुरोहित का नाम, पता, संपर्क नंबर और विशेष कोड की इंट्री हुई है, जिससे तुरंत कूपन मिलेगा। रविवार और सोमवार को शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था बंद रहेगी। मेले के दौरान शीघ्र दर्शनम कूपन की दर पांच सौ रुपये रखी गयी है। मेले के दौरान अरघा से जलार्पण की व्यवस्था रहेगी। स्पर्श पूजा बंद रहेगी। साथ ही वीआइपी पूजा भी बंद रहेगी। बीमार, बुजुर्ग और भीड़ में बचने वाले भक्तों के लिए बाह्य जलार्पण की भी व्यवस्था रहेगी। श्रावणी मेला के लिए सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र में 21 अस्थायी और 11 ट्रैफिक ओपी बनाये गये हैं। इंटीग्रेटेड मेला कंट्रोल रूम में पहली बार कॉमन एनाउंसमेंट सिस्टम लगाया गया है। एक बार सूचना प्रसारित होगी, तो वह 20 किलोमीटर के मेला क्षेत्र में सुनायी देगी।

पहली बार टू वे ऑडियो कैमरा सिस्टम लगाया जा रहा है। कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी जब कोई कॉमन सूचना देना चाहेंगे, तो वह कंट्रोल रूम से संभव होगा। पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी-सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 726 पुलिस पदाधिकारी सहित मेला में 87 सौ पुलिस कर्मी तैनात किये गये हैं। कतार में लगने वाले कांवरियों को अगर स्वास्थ्य संबंधित परेशानी होगी, तो उनके लिए प्रशासन ने इसीजी की व्यवस्था की है। प्रशासन ने नेहरू पार्क, क्यू कांप्लेक्स और बाबा मंदिर ट्रॉमा सेंटर में डिजिटल इसीजी मशीन रहेगी और जरूरत पड़ने पर इसीजी करायी जायेगी।

इसीजी की रिपोर्ट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के मोबाइल में आ जायेगी। उसके बाद डॉक्टर की सलाह पर इलाज की व्यवस्था होगी। कतार में उमस भरी गर्मी से बचाव के लिए नेहरू पार्क से लेकर मंदिर के संस्कार मंडप तक मिस्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था रहेगी। इससे पानी का फव्वारा नहीं, बल्कि फॉग निकलेगा, जो पूरे माहौल को ठंडा कर देगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



# बड़ा संकेत दे रहा है बिहार का सियासी सन्नाटा

## ■ लालू के 'फिटनेस' और नीतीश की 'वन टू वन' मुलाकात ने बढ़ाया सस्पेंस

## ■ तेजस्वी के विभाग में हुए तबादलों पर लगे स्थगनादेश के बाद मिल रहा संकेत

## ■ बड़ा सवाल : क्या एक बार फिर 'बड़ा खेल' करने वाले हैं नीतीश कुमार

आजाद सिपाही विशेष

देश की सियासत में सबसे संवेदनशील राज्य के रूप में चर्चित बिहार में मॉनसून की इंट्री और भारी बारिश के बीच सियासी माहौल गरमा गया है। 23 जून को विपक्षी दलों की बैठक के बाद से राज्य में अजीब किस्म का सन्नाटा पसरा हुआ है। एक तरफ राजद सुप्रीमो लालू यादव खुद को 'फिट' बता चुके हैं, तो दूसरी तरफ विपक्षी एकजुटता की धुरी बने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने डिप्टी तेजस्वी यादव के विदेश रवाना होने के कुछ ही घंटे बाद उनके विभाग में हुए तबादलों पर रोक लगा कर खुद को 'बॉस' साबित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, वह अपनी पार्टी के विधायकों और विधान पार्षदों से 'वन टू वन' मुलाकात कर महागठबंधन के दूसरे घटकों को एक संकेत भी दे रहे हैं। बिहार के इन तमाम घटनाक्रमों को जोड़ने पर एक बात साफ हो जाती है कि राज्य की सियासत में सब कुछ ठीक नहीं है। इसलिए सियासी गलियारे में यह सवाल जोर-शोर से उठने लगा है कि कि क्या नीतीश कुमार फिर किसी फैसले के मूड में हैं? क्या बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार कोई बड़ा सियासी 'खेल' करने वाले हैं? यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि पिछले कई ऐसे मौके रहे हैं, जब नीतीश कुमार अपनी पॉलिटिकल लाइन बदलने से पहले पार्टी के विधायकों और नेताओं से वन टू वन मुलाकात करते रहे हैं। बीते साल अगस्त महीने में नीतीश कुमार ने जब एनडीए छोड़कर महागठबंधन में आने का फैसला किया था, उस वक्त भी विधायकों के साथ उनकी रायशुमारी हुई थी। चर्चा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लखीसराय दौरे के बाद बिहार की सियासत में कुछ नये समीकरण आकार ले चुके हैं, जिनके केंद्र में नीतीश कुमार ही हैं। बिहार के इस सियासी सन्नाटे और उसके संभावित परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

23 जून को पटना में 15 विपक्षी दलों की बैठक के बाद बिहार में जो सियासी माहौल बना हुआ है, उसे देखते हुए राजनीतिक गलियारे में एक सवाल बड़ी तेजी से उठ रहा है कि क्या बिहार में फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'खेल' करने वाले हैं? इस सवाल के उठने के दो कारण हैं, पहला यह कि नीतीश कुमार जाने ही इसीलिए जाते हैं और दूसरा यह कि हाल में उन्होंने अपने विधायकों और विधान पार्षदों से धुआंधार मुलाकात की है। वह अगले सप्ताह सभी सांसदों से भी मिलने वाले हैं। ऐसे में चर्चा गर्म है कि क्या वह फिर से महागठबंधन का दामन छोड़ कर भाजपा के साथ जायेंगे। इन सवालों के जवाब तलाशने के क्रम में कई कड़ियां जोड़नी होंगी।

### लालू यादव का राजनीतिक संदेश

शुरुआत करते हैं 23 जून को हुई बैठक से। पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। 15 दलों के 20 नेता इसमें शामिल हुए। बैठक के बाद सबसे ज्यादा चर्चा लालू यादव और राहुल गांधी की ही हुई। जहां लालू यादव अपने पुराने अंदाज में दिखे और खुद को पूरी तरह 'फिट' बता कर एक प्रकार का संदेश दिया, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने राहुल गांधी को शादी करने की सलाह दी और कहा कि हम सब आपकी शादी में बारात में चलेंगे। राजनीति समझने वाले इस इशारे का मतलब लगा सकते हैं कि लालू यादव के लिए 'दूल्हा' कौन है। अगर राहुल गांधी 'दूल्हा' हैं और लालू यादव को भी यह स्वीकार्य है, तो निश्चित ही यह नीतीश कुमार के लिए बुरी खबर हो सकती है, जिन्होंने अपने मन में प्रधानमंत्री पद की इच्छा दबाये पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक की दौड़ लगायी है। विपक्ष की बैठक में उन्हें शायद उतनी लाइम लाइट मिली नहीं, जितना वह चाहते थे। दिल्ली के अध्यादेश पर अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस में भिड़ंत हुई, तो उधर अनुच्छेद 370 पर महबूबा मुफ़्ती और उमर अब्दुल्ला ने आप को सुना दिया।

### नीतीश के साथ नयी दिक्कत

लेकिन इस बार नीतीश कुमार के साथ दिक्कत यह है कि खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह कह चुके हैं कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार और ललन सिंह (जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष) के लिए सारे दरवाजे बंद कर दिये हैं। ऐसे में अमित शाह इतनी जल्दी अपने कहे से पीछे हटेंगे, यह संभव नहीं है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने तो हाल ही में कहा कि भाजपा ने नीतीश के लिए 'नो एंट्री' लगा दी है। उन्होंने नीतीश कुमार पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।



### तेजस्वी के स्वास्थ्य विभाग में तबादलों पर रोक

बिहार में स्वास्थ्य मंत्रालय में हुए तबादलों और अचानक उन पर लगी रोक के कारण भी नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बीच अनबन के कयास लगाये जा रहे हैं। असल में हुआ क्या कि शाम के समय तबादले की अधिसूचना जारी की गयी और सुबह में उस पर स्टे लग गया। इस सूची को रद्द किये जाने के बाद महागठबंधन सरकार की खूब किरकिरी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख ने अधिसूचना जारी की और विभागीय अपर मुख्य सचिव के ओएसडी ने इस पर रोक लगा दी। खास बात यह है कि स्वास्थ्य मंत्रालय तेजस्वी यादव के पास ही है। अब नौ संवर्ग के कर्मियों के स्थानांतरण में त्रुटियां बता कर इसे रोक दिया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसे जानकारी दिये बगैर तबादले हुए थे, नीतीश या तेजस्वी? कुछ लोगों ने इसे अधिकारियों की आपसी पावर पॉलिटिक्स बता दी है, लेकिन हर बड़े नेता के विश्वासपात्र अधिकारी मंत्रालय में होते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। गड़बड़ी डिप्टी सीएम के विभाग में हो रही है, ऐसे में सवाल उठना तो लाजिमी है। यदि एक मिनट के लिए मान लिया जाये कि कुछ लोग इसे छोटी बात कह कर भी खारिज कर सकते हैं और कह सकते हैं कि यह सब चलता रहता है, जहां एक पार्टी की सरकार है, वहां भी दो नेताओं के बीच ऐसी अनबन की खबरें आती रहती हैं। लेकिन सवाल फिर वहीं है कि तबादलों पर रोक तब क्यों लगी, जब तेजस्वी विदेश यात्रा पर रवाना हो चुके थे।

### नीतीश इतना डरे हुए क्यों हैं

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में अब यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि वह खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं, जिनके साथ हैं, उनसे भी और जो विरोधी हैं, उनसे भी। इतना ही नहीं, बिहार की जनता के प्रति भी खुद को लेकर उनके मन में असुरक्षा की ही भावना है। आखिर तभी तो राजधानी पटना में कभी शिक्षक, कभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, तो कभी छात्रों की पिटाई होती है। लेकिन अब जब भाजपा ने अपने साथ जीतन राम मांझी की हम, लोजपा के दोनों धड़ों, मुकेश सहनी और उपेंद्र कुशवाहा को अपने साथ जोड़ लिया है, ऐसे में इस प्रकार की हर एक घटना पर भी चौतरफा प्रहार होगा।

### शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज बना सियासी मुद्दा

इस बीच दो दिन पहले तीन हजार शिक्षकों पर हुए लाठीचार्ज ने भी सियासी रंग पकड़ लिया है। शिक्षक अभ्यर्थियों को लेकर डोमिसाइल पॉलिसी में बदलाव कर महागठबंधन सरकार ने निर्णय लिया है कि अब बिहार के बाहर के अभ्यर्थी भी इसमें शामिल हो सकते हैं। 1.7 लाख रिक्तियों के लिए पहले से ही बेरोजगारी से जूझते बिहार के लोग इससे परेशान हैं। इसलिए प्रदर्शन किया जा रहा था, जिस पर लाठीचार्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि विरोध प्रदर्शन बिना अनुमति के किया जा रहा था। चिराग पासवान ने कहा है कि नीतीश कुमार हर बात का जब लाठी से जवाब दे रहे हैं। उन्होंने नीतीश पर पीएम बनने की महत्वाकांक्षा सवार होने की बात करते हुए कहा कि छात्रों की मांग जायज है। इस घटना पर टिप्पणी करने में मुकेश सहनी भी पीछे नहीं रहे। वीआइपी के नेता ने तुरंत टिप्पणी की कि 18 वर्षों से सरकार चलाने के बावजूद नीतीश कुमार अब तक शिक्षकों के दिलों में जगह नहीं बना पाये हैं। उन्होंने भी शिक्षकों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि शिक्षक ही भविष्य तैयार करते हैं। ऐसे में उनके साथ ऐसा करना सही नहीं है। किस गठबंधन के साथ जाना है, उनके इसी बयान से कयास लगाये जा सकते हैं। अमित शाह के साथ उनकी बैठक भी हुई है।

### भाजपा का हमलावर रुख

इसके बाद चिराग पासवान, पशुपति कुमार पारस, मुकेश सहनी और उपेंद्र कुशवाहा के अलावा जीतन राम मांझी जैसे नेताओं के साथ भाजपा नीतीश कुमार के खिलाफ क्षेत्रीय महागठबंधन तैयार करने की ओर अग्रसर है। वहीं दूसरी तरफ नीतीश कुमार देश भर के नेताओं को खुश कर भाजपा विरोधी गठबंधन तैयार कर रहे हैं। नीतीश कुमार उद्धव ठाकरे का हश्र देख चुके हैं, जिनके पास न सत्ता रही न पार्टी। ऐसे में उनके मन में एक असुरक्षा की बड़ी भावना ने घर कर लिया है, यह साफ है। भाजपा ने नीतीश कुमार के लिए सारे दरवाजे बंद कर दिये हैं। तीन बड़े नेता (कुशवाहा, मांझी और सहनी) जो उनके साथ हुआ करते थे, छिटक गये हैं। शिक्षकों पर लाठीचार्ज और नियमों में परिवर्तन के बाद एक बड़े समूह के बीच उनकी थू-थू हो रही है। बिहार में एक के बाद एक पुल गिर रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार का आलम पता चलता है। नीतीश कुमार डरे हुए हैं, उद्धव का हश्र देख कर भाजपा से और विपक्षी एकता बैठक में लालू यादव का रवैया देख कर अपने साथी दल से। और हां, जनता से भी। इसलिए वह यदि 'खेल' कर ही दें, तो आश्चर्य नहीं। आखिर अपने अस्तित्व रक्षा का हक तो सभी को है।

# नीतीश कुमार को अब संन्यास ले लेना चाहिए : बाबूलाल

कहा-परिवारवाद, वंशवाद और भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को एक करने में लगे हैं नीतीश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी। विपक्षियों पार्टियों ने बीते 23 जून को महाबैठक की थी। जिसमें भाजपा के खिलाफ मैदान में उतरने पर सभी की सहमति बनी। वहीं उनकी दूसरी बैठक इस महीने होने की उम्मीद है। वहीं भाजपा ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर झारखंड के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने बड़ा बयान दिया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा- मैं नीतीश कुमार का सम्मान करता हूं। मुझे लगता है कि नीतीश कुमार को अब संन्यास ले लेना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार में नहीं हैं लेकिन पता नहीं उनकी क्या मजबूरी और कमजोरी है कि वह परिवारवाद, वंशवाद को बढ़ावा देने वाली और भ्रष्टाचार में



लिप्त पार्टियों को इकट्ठा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि नीतीश कुमार को यह सब नहीं करना चाहिए। अगर मन नहीं मानता है तो उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए।

### लालू और हेमंत सोरेन पर साधा निशाना

इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने लालू यादव, हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी समेत तमाम विपक्षियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बिना हिंसा का एक चुनाव नहीं करा पातीं, वह हिंसा करने वालों का संरक्षण करती हैं और कहती हैं कि लोकतंत्र की रक्षा करेंगी। ऐसे में उनकी बातों को कौन मानेगा। वहीं झारखंड में इडी की कार्रवाई, जमीन की लूट, अवैध खनन और खनन पट्टा मामले को लेकर बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधा।

### लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी की क्या हैं तैयारियां

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी के तैयारियों के बारे में पूछने पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जनसंपर्क अभियान चला रही है। हमारे पार्टी के कार्यकर्ता समाज के हर तबके के लोगों से मिल रहे हैं। कोशिश है कि 10 जुलाई तक ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय से जोड़ा जाये। उन्होंने सभी से अपील की है कि सभी प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़ें। इसके लिए उन्होंने एक नंबर साझा किया, 9090902024 और कहा कि इस नंबर पर मिस कॉल करें। जिसके कुछ ऑप्शन आयेंगे, जिसे भरना है। इसमें आपको पीएम मोदी की उपलब्धियां बतानी है, जो सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचेगा।

# पत्रकार पूरन चंद्र का निधन मुख्यमंत्री ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि वे अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सामाजिक सरोकारों से भी सदैव जुड़े रहे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में जगह दे और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी पूरन चंद्र के निधन पर गहरी संवेदना जतायी और कहा - उनके निधन से पत्रकारिता जगत में जो खालीपन आया है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। बता दें कि पूरन चंद्र (66) का शनिवार रात हरमू


वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र। *फाइल फोटो*

स्थित आवास पर निधन हो गया। वे विगत एक माह से बीमार चल रहे थे। उन्होंने रांची एक्सप्रेस हिंदी दैनिक समाचार पत्र से पत्रकारिता संवाददाता के पद से शुरुआत की और मुख्य संवाददाता और फिर कुछ वर्षों तक संपादक पद पर कार्य किया। अंत तक वे रांची एक्सप्रेस से जुड़े रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## चार दिनों में नौ डिग्री बढ़ा तापमान

**रांची (आजाद सिपाही)।** मॉनसून की बारिश कम होते ही तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी रांची का तापमान बीते चार दिनों में नौ डिग्री तक बढ़ा है। तापमान में बढ़ोत्तरी न केवल राजधानी रांची बल्कि राज्य के दूसरे जिले में भी देखने को मिलने लगी है। राज्य के अन्य जिलों के तापमान भी तेजी से बढ़े हैं। संताल परगना समेत राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होने के बावजूद मौसम साफ होने के बाद दोपहर में गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून पांच जुलाई तक कुछ शिथिल रहेगा।

# शहीद एसपी अमरजीत बलिहार की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

नक्सली मुठभेड़ में 2 जुलाई 2013 को हुई थी मौत

अमरजीत बलिहार की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता : डीसी

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ के तत्कालीन एसपी रहे अमरजीत बलिहार को रविवार को संहरणालय के समीप स्थित उनकी याद में बने स्मृति पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। स्मृति पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त वरुण रंजन, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद सहित पुलिस संघ के अधिकारियों ने बलिहार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर पुलिस लाइन के जवानों ने बलिहार को सलामी दी। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि अमरजीत बलिहार की मौत आज के दिन ही नक्सली मुठभेड़ के दौरान हुई थी। उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जायेगा और उनकी याद में बने यहां स्मृति पार्क को और विकसित करने का काम जिला प्रशासन करेगा।



### काठी कुंड में नक्सली मुठभेड़ में हुई थी मौत

2 जुलाई 2013 को तत्कालीन डीआइजी दुमका प्रिया दुबे की बैठक में शामिल होकर पाकुड़ लौटने के दौरान दोपहर करीब 1:30 काठी कुंड के जमुनी जंगल के पास नक्सलियों ने मेन रोड पर उनके वाहन को रोककर उन पर हमला कर दिया था। नक्सली मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई जिसमें एसपी अमरजीत बलिहार और उनके अंगरक्षक चालक सहित 7 लोग शहीद हुए थे। हालांकि पुलिस ने इस घटना में शामिल नक्सलियों को खोज निकाला और उन्हें सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब रही। 2 जुलाई 2013 को हुई नक्सली मुठभेड़ और इसमें मारे गये तत्कालीन एसपी और 6 जवान की हत्या का इनफॉर्मर कौन था इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। हालांकि इस मुठभेड़ में तत्कालीन एसपी के एक अंगरक्षक जो दुमका जिले से जुड़े रहे हैं उन्हें सिर्फ पैर में गोली लगी थी और वह सुरक्षित निकल आये थे। अमरजीत बलिहार नक्सली मुठभेड़ कांड की लंबी जांच चली लेकिन यह अब तक सस्पेंस बना है की इस कांड का असली इनफॉर्मर कौन था।

## डुमरी विधानसभा क्षेत्र में खुशी, हजारों लोग आयेंगे रांची

# जनता की सेवा और पति के अधूरे सपनों को पूरा करूंगी : बेबी देवी



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बेबी देवी। *फाइल फोटो*

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के लगभग दो महीने बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाने की घोषणा कर दी गयी है। वह सोमवार को राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगी। इससे डुमरी विधानसभा क्षेत्र में खुशी है। बेबी देवी ने मंत्री बनाये जाने पर कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा वह उनका पालन करेंगी। साथ ही क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगी और पति के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि बेबी देवी हेमंत सरकार में 11वीं मंत्री होंगी। वे कुर्मी (महतो) जाति से राज्य की पहली महिला मंत्री बनेंगी।

**उपचुनाव की तैयारी भी शुरू**

डुमरी विधानसभा उपचुनाव की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी यहां झामुमो और आजसू प्रत्याशी के बीच आमने-सामने के मुकाबले के आसार हैं। झामुमो की ओर से जगरनाथ महतो की पत्नी या उनके पुत्र के प्रत्याशी होने की संभावना अधिक है। आजसू ने भी यहां चुनाव मैदान में उतरने की अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

मंत्री बनने से यहां झामुमो अधिक मजबूत होकर चुनाव मैदान में उतरेगा। उनके कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह दोगुना होगा, इसे नकारा नहीं जा सकता। दूसरी ओर, जगरनाथ महतो के पत्नी को प्रत्याशी बनाने से उन्हें सहानुभूति वोट का फायदा भी मिलेगा।

## झापा का दो दिवसीय महाधिवेशन संपन्न

# एनोस एक्का फिर केंद्रीय अध्यक्ष बने




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन हुआ, अशोक कुमार भगत प्रधान महासचिव निर्वाचित**

**रांची।** झारखंड पार्टी (झापा) का रांची में चला दो दिवसीय महाधिवेशन रविवार को संपन्न हो गया। समापन से पूर्व इसके तीसरे सत्र में कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू की गयी। इसके संचालन का जिम्मा पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार और पार्टी के वरिष्ठ नेता रिजवान अहमद को दिया गया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि भाजपा और झामुमो जैसी पार्टियों और इसके गठबंधन से जनता का भरोसा हट चुका है। झारखंड पार्टी से जुड़े लोग पुराने तेवर और नयी सोच के साथ क्षेत्र में जायें।

आगामी लोकसभा और विधानसभा में झापा सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। महाधिवेशन के बाद रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व राज्यमंत्री अशोक कुमार भगत ने बताया कि चुनाव में पार्टी के लिए केंद्रीय अध्यक्ष सहित 21 लोगों को केंद्रीय समिति में शामिल किया गया। इसके अलावा 10 अन्य का मनोनयन किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए फिर से पूर्व मंत्री एनोस एक्का निर्वाचित हुए। अशोक कुमार भगत प्रधान महासचिव निर्वाचित हुए। अजीत कुमार (पूर्व महाधिवक्ता) सहित चित्रसेन सिंकू (पूर्व सांसद), किरण आइंद और रिजवान अहमद कार्यकारी अध्यक्ष चुने गये। उपाध्यक्ष के तौर पर एनुल हक अंसारी, अर्पणा हंस और ओमप्रकाश अग्रवाल चुने गये। जबकि उमेश कुमार पांडेय और ललित समद महासचिव अंशु लकड़ा, आनंद पोत तिर्की, महेंद्र जामुदा और संतोष महतो को सचिव सह प्रवक्ता का जिम्मा मिला। कुमार कामेश को प्रवक्ता पद की जवाबदेही मिली। संगठन सचिव के तौर पर पार्टी के चार नेताओं, 7 को कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर पूर्व सांसद दुर्गा प्रसाद जामुदा संदेश एक्का, सभी अनुषंगी इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव तथा सभी नगर अध्यक्ष को शामिल किया गया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

**वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी

# सांसद संजय सेठ के फेसबुक का फर्जी एकाउंट बना साइबर अपराधी मांग रहे है पैसे

**सांसद ने ट्विटर और फेसबुक के जरिये लोगों से अपील की है कि पैसे का लेनदेन ना करें**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में साइबर अपराधियों का मन इतना बढ़ गया है कि वे किसी का भी फर्जी फेसबुक एकाउंट बना दे रहे हैं। न केवल एकाउंट बना रहे हैं बल्कि लोगों को मैसेज भेज कर पैसे भी मांग रहे हैं। ऐसा ही ताजा मामला रांची सांसद संजय सेठ से जुड़ा प्रकाश में आया है। रांची सांसद संजय सेठ के फेसबुक पर सांसद का फर्जी एकाउंट बनाकर 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है। अपराधी यह भी बता रहा है कि मेरे एकाउंट में कुछ प्रॉब्लम आ गया है, जिसकी वजह से पैसे का ट्रांजैक्शन नहीं हो पा रहा है। एक से दो दिन में आपको पैसा रिफंड कर दिया जायेगा। इस संबंध में संसद संजय सेठ ने ट्विटर और फेसबुक के जरिए लोगों से अपील की है कि यह फर्जी एकाउंट है, पैसे का लेनदेन ना करें। मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गयी है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
JUSNL
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

## 132/33 के०वी० ग्रिड सब-स्टेशन, जरमुण्डी
## एवं
## 132 के०वी० द्विपथ लिलो संचरण लाइन
## का उद्‌घाटन

ग्रिड की क्षमता
2X50MVA
(100MVA)

**मुख्य अतिथि**
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**
**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

**सम्मानित अतिथि**
**श्री शिबू सोरेन** — माननीय सांसद (राज्यसभा)
**डॉ निशिकांत दुबे** — माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र
**श्री सुनील सोरेन** — माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र
**श्रीमती सीता सोरेन** — माननीय विधायक, जामा
**श्री बसंत सोरेन** — माननीय विधायक, दुमका

**लाभान्वित क्षेत्र**
- बासुकीनाथ तीर्थ स्थल
- तालझारी
- घोरमारा
- जरमुण्डी
- सोनारायथाडी
- मोहनपुर एवं
- दुमका के क्षेत्र



दिनांक : 03 जुलाई, 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे
स्थान : ग्रिड सब-स्टेशन, जरमुण्डी, दुमका

P.R. 301198 (Energy) 23-24
ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

# पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक सावन में अरघा सिस्टम से होगा

**श्रावणी मेले की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा पहाड़ी मंदिर प्रबंधन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पहाड़ी मंदिर प्रबंधन श्रावणी मेले की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा है। चार जुलाई से सावन माह शुरू हो जा रहा है। इस दौरान पहाड़ी मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन और प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। बताया गया कि इस वर्ष भी शिवलिंग पर श्रद्धालु अरघा सिस्टम से जल अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार को भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व उनकी सुरक्षा को लेकर बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी है। जिला प्रशासन की ओर से पुलिस और मंदिर प्रबंधन की तरफ से वॉलिंटियर्स की तैनाती की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से भी पूरे मंदिर परिसर में पैनी नजर रखी जायेगी। बताया गया कि इस बार दान के लिए पहाड़ी मंदिर में अलग तैयारी की गयी है। पहली बार पहाड़ी मंदिर प्रबंधन की तरफ से डिजिटलाइज तरीके से दान दक्षिणा लिया जायेगा। पुरानी व्यवस्था के साथ क्यूआर कोड को लोग स्कैन कर दक्षिणा दे सकेंगे।

# प्रत्येक धार्मिक स्थल का विकास और आधुनिकीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से रविवार को गुमला के अंजन धाम से आयी साध्वियों ने मुलाकात की। इस दौरान बंधु तिर्की ने उनसे कहा कि गुमला के सुप्रसिद्ध अंजन धाम सहित राज्य के प्रत्येक धार्मिक स्थल का विकास और उसका आधुनिकीकरण करने के साथ ही वहां उपलब्ध सुविधायें बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने इस दायित्व को पूरा कर रही है। सावन के उपलक्ष्य में आज अपने आवास पर, अंजन धाम से आयी हुई साध्वियों के एक दल के साथ अपनी मुलाकात में बंधु तिर्की ने कहा कि यदि राज्य के सभी पवित्र धार्मिक स्थलों का व्यापक स्तर पर विकास एवं पुनरुद्धार किया जाना न केवल झारखंड की आम जनता की पवित्र श्रद्धा और आस्था के लिए आवश्यक है। बल्कि इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्रों का भी विकास होगा और विशेष रूप से धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। तिर्की से मिलने के लिए अंजन धाम से आये प्रतिनिधिमंडल में साध्वी दिलमति देवी, भागवती देवी, फूलमणि देवी और रजनी देवी मुख्य रूप से शामिल थीं।

# लायंस क्लब ऑफ रांची ने किया पौधरोपण

**गुलमोहर और कदंब के पेड़ों का पौधरोपण किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची के सौजन्य से रविवार को रांची क्लब कंप्लेक्स में स्थित लायंस क्लब ऑफ रांची परिसर में गुलमोहर और कदंब के पेड़ों का पौधरोपण किया गया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष सत्र 2023-24 लायन परविंदर जीत सिंह ने कहा कि आजकल लोग पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं, जो कि सरासर गलत और घातक है। वहीं अमित सेन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष राजेश मोर ने कहा कि व्यस्त जीवन में हरे भरे वातावरण को देख कर मन प्रफुल्लित हो जाता है।

मौके पर फर्स्ट लेडी सिमलजीत कौर, सचिव लायन पूनम निगम सहाय, पीडीजी लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन सुभरा मजूमदार, लायन श्याम सुंदर शर्मा, लायन डॉ हरविंदर बीर सिंह, लायन प्रदीप कुमार, लायन संजय सरावगी, श्रुति सरावगी, लायन तरुण अग्रवाल, लायन मनीष गाड़ोदिया सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्यों ने भी पेड़ों के महत्व के बारे में प्रकाश डाला, और सबने शपथ ली कि वे पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलायेंगे और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह जानकारी क्लब के मिडिया प्रभारी लायन श्याम सुंदर शर्मा ने दी।

# राजद के रांची जिला अध्यक्ष बने धर्मेंद्र महतो

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजद रांची जिला की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। रविवार को हुई इस बैठक में जिला कमेटी के प्रथम चरण की घोषणा की गयी। नये पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया।

इसमें धर्मेंद्र महतो को अध्यक्ष, मुख्तार अंसारी, योगेंद्र यादव, निरंजन महतो, रामप्यारे यादव को उपाध्यक्ष, राम भजन सिंह को प्रधान महासचिव, रमापति महतो, सज्जाद अंसारी को महासचिव, राम भगत, शहरी मुस्तफा को सचिव, उदय ठाकुर, अजय कुमार महतो, पप्पू पासवान, अंजनी कुमार सिंह, चंचल कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी, रमेश कुमार यादव, नवीन कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, विक्की यादव, विद्या विनोद सिंह, संजीव कुमार महतो, हरेंद्र कुमार और मनोज बंजारे को कार्य समिति का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश राजद के उपाध्यक्ष राजेश यादव और अनीता यादव मौजूद थीं।

# शिवशक्ति नगर में घर में सो रही महिला पर फायरिंग, बाल-बाल बची

**आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू स्थित शिवशक्ति नगर में घर में सो रही महिला पर अपराधियों के गोली चलाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 1.50 बजे घर में सो रही पिंकी सिंह नाम की महिला पर फायरिंग की गयी है। हालांकि इस हमले में महिला बाल-बाल बच गयी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ज्ञानरंजन मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये। थाना प्रभारी ने बताया कि एस्बेस्टस के ऊपर से गोली चलायी गयी थी। महिला को गोली नहीं लगी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# फैशन प्वाइंट लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का आगाज

**फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो आपके लिये लेकर आया है मेट्रो सिटी के डिजाइनर कलेक्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में फैशन प्वाइंट वेडिंग एंड लाइफ स्टाइल लग्जरियस एग्जिबिशन का आगाज होटल कैपिटल हिल में रविवार को हुआ। यह एग्जिबिशन दो दिनों तक चलेगा। इस प्रीमियम शो का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की धर्म पत्नी नेहा महतो ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले की जितनी सराहना की जाये कम है। एक छत के नीचे महिला उद्यमियों और उनके हुनर को देख कर बहुत खुशी हो रही है। उद्घाटन समारोह में लायंस क्लब ऑफ समर्पण और ख्याति बुटीक के सौजन्य से चिकित्सा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले 14 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया।

मौके पर आयोजक रीना अग्रवाल ने कहा कि तीज त्यौहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांची वासियों के लिए इस प्रीमियम शो का आयोजन किया गया। जहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्ल्यूसिव कलेक्शन प्रदर्शित किये गये हैं। एक ही छत के नीचे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध हैं। जिनमें एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, वेडिंग कलेक्शन,डिजाइनर राखी, हैंड मैड ज्वेलरी, लक्जरी होम डेकोर, और बहुत कुछ शामिल हैं। साथ हीं यहां कला निकेतन की तंजोर पेंटिंग भी देखी जा सकती है।

यहां बनारस की एक्सक्ल्यूसिव, प्योर और स्पेशल साड़ियां आपको आकर्षित कर सकती हैं। वहीं लखनऊ की ऑल रेंज की चिकेनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी वियर, किट्टी पार्टी वियर, कोकटेल पार्टी वियर आपका दिल जीत लेगी। दिल्ली की द विना कलेक्शन, बैंगलोर के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, कोलकाता के फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा गारारा से अपने वार्डरॉब को नया टच दे सकते हैं। शो में इस बार आपको बिल्कुल कुछ नया देखने को मिल रहा है। वो है हर एज के लिए अबरोड से लाये गये वेस्टर्न वियर।

नारी साड़ी, मडालसा की ड्रेस, सूट, मनीषा क्रिएशन की एक्सक्ल्यूसिव रेंज साड़ी, बयान सिल्क का यूनिक कलेक्शन के अलावा कश्मीर के साड़ी और ड्रेस भी कुछ खास है। वहीं सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आयें हैं। कानपुर ज्वेलरी आपका दिल लुभायेगी। शो राखी स्पेशल एडिशन लेकर आ रहा है जहां आप हैंड मेड ओर डिजाइनर रखियों की खरीदारी कर सकते हैं। होम डेकोर प्रोडक्ट में आपको प्लेटर, बेड कवर, बेड शीट के यूनिक कलेक्शन देख सकेंगे। वहीं तंजौर पेंटिंग आप आर्डर पर भी आप बनवा सकते हैं। यही नहीं मेले में दुबई फैशन वीक का हिस्सा बनी अल्बरी भी अपने लेटेस्ट कलेक्शन के साथ केवल रांची वासियों के लिए उपस्थित हैं। मेले में लकी ड्रॉ भी चल रहा है, जितने वाले को चांदी का सिक्का और गिफ्ट हैंपर दिया जा रहा है। मेला सुबह 10-रात 8 तक चलेगा।

# डैफोडिल क्लासेस का उद्घाटन

**डैफोडिल क्लासेस डोरंडा के सोसाइटी मार्केट परिसर में है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार को डैफोडिल क्लासेस का उद्घाटन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ दिनेश रुसिया और कर्नल जियाउर रहमान के द्वारा किया गया। यह संस्थान बदरुन्निसा ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगाा। इस संस्था की अध्यक्ष जेवीएम श्यामली स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका कुद्दुशिया आजम हैं। आजम जेवीएम श्यामली स्कूल में और गैर शैक्षणिक सत्रों में भी बच्चों को जीवन में कुछ अलग करने की ललक पैदा करने तथा बच्चों में आत्मविश्वास भरे जाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहीं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने 30 साल का सेवा प्रदान करने वाली जेवीएम श्यामली की सेवानिवृत्त शिक्षिका आजम रांची के युवाओं को अंग्रेजी के स्पोकन क्लासेस के माध्यम से उन्हें आत्मविश्वास से लबरेज करना चाहती है, ताकि वे जिस क्षेत्र में भी वे काम करें अव्वल दर्जा प्राप्त कर सकें। उनका मानना है कि आज भाषा, विशेषकर रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा लैंग्वेज और लिटरेचर से इतर हटकर एक स्किल के रूप में स्वीकृत हो चुका है। अंग्रेजी भाषा को एक स्किल के रूप में समझने में हमारे बच्चे पीछे रह जाते हैं। वे बताती हैं कि डैफोडिल क्लासेज के माध्यम से जुड़ कर वे वैसे बच्चों को अंग्रेजी भाषा में निपुण करना चाहती हैं विशेषकर जो हिंदी माध्यम से पढ़े हैं या सरकारी स्कूल या मदरसे के छात्र-छात्राएं हैं या रहे हैं। हमारा फोकस उस वर्ग पर रहेगा जिनके माता-पिता अपने आर्थिक पिछड़ेपन के कारण बड़े-बड़े कान्वेंट और अंग्रेजी स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा प्राप्त नहीं करा पाये हैं। डैफोडिल क्लासेस डोरंडा के सोसाइटी मार्केट परिसर में है। इस संस्थान में एक नॉमिनल फीस देकर बच्चे, विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े लोग जो अंग्रेजी स्पोकन को एक स्किल के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, वे अपना निबंधन करा सकते हैं। उद्घाटन के अवसर पर डॉ रूसिया और कर्नल जियाउर रहमान, अधिवक्ता फिदाउल रहमान और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की तथा आजम मैम की इस नयी पहल की प्रशंसा की है।

# गुरु पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री बनवारी वृतिया संगीत परंपरा रांची देवी मंडप रोड हेसल रांची में गुरुपर्व के पूर्व संध्या पर गुरु स्वर्गीय कैलाश बृतिया के शिष्यों द्वारा गुरु पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



इस मौके पर उत्तराधिकारी गुरु रंजन प्रसाद मिश्रा के शिष्यों ने शास्त्रीय संगीत एवं उपशास्त्रीय संगीत की क्रमबद्ध प्रस्तुति दी। जिसमें झारखंड के मुख्य जिलों में से जैसे रामगढ़, रांची, बोकारो, गढ़वा, चतरा, धनबाद से अनेक शिष्यों ने प्रस्तुति दी। जिसमें सतीश मिश्र, संतोष मिश्रा, रवि शंकर मिश्रा, रेणु शंकर मिश्रा, विभु शंकर मिश्रा, संजीव पाठक, सक्षिगोपाल मिश्रा, वेणु गोपाल मिश्रा, युवराज, रति, बल्लभ, आदर्श, कृति, बल्लभ, उपासना, आदित्य पाठक, विकाश, शताक्षी, भारद्वाज आर्या, भारद्वाज राघव, भारद्वाज आदित्य, गोपाल मिश्रा, हिमांशु पाठक, संगीत कुमार पाठक, अर्पिता, रितिका, आराध्य, इन लोगों ने प्रस्तुति दी।

इस मौके पर उत्तराधिकारी गुरु रंजन प्रसाद मिश्रा ने कहा कि गुरु के प्रति आस्था रखकर संगीत एवं साहित्य को बढ़ाया जा सकता है।

# बीएयू में कृषि वैज्ञानिकों के दल ने खरीफ शोध के कार्यों को देखा, दिये निर्देश

**कृषि विज्ञान केंद्रों की सहभागिता और सहयोग पर दिया बल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह और डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही के नेतृत्व में कृषि वैज्ञानिकों के दल ने वेस्टर्न सेक्शन फार्म के खेतों में खरीफ शोध से संबंधित कार्यों का आकलन किया। पौधा प्रजनक वैज्ञानिकों के दल ने पिछले चार-पांच दिनों की बारिश को देखते हुए अगले एक-दो दिनों में टांड़ एवं मध्यम भूमि की तैयारी पूरी करने और खरीफ फसलों की बोआई शुरू करने की योजना बनायी। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने वैज्ञानिकों को करीब 55 एकड़ में फैले इस शोध फार्म में खरीफ शोध से जुड़ी फसलों में मड़ुआ, मकई, अरहर, उरद, मूंग, सरगुजा, मूंगफली और सोयाबीन आदि का बुवाई कार्य को एक सप्ताह में पूरी करने को कहा। शोध कार्य में बीएयू द्वारा विकसित एवं हाल में विकसित किस्मों के गुणात्मक बढ़ोतरी को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने पौधा प्रजनक वैज्ञानिकों को राज्य के तीन कृषि पारिस्थितिकी में अवस्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों, दुमका, चियांकी (पलामू) एवं दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम) का दौरा करने और विकसित किस्मों तथा शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। डॉ सिंह ने वैज्ञानिकों को विभिन्न आइसीएआर परियोजना के अधीन संचालित अनुसंधान कार्यक्रमों के तहत किसानों के खेतों में खरीफ फसलों का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (एफएलडी) ससमय शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही बीजोत्पादन और अन्य कार्यक्रमों में राज्य के कृषि विज्ञान केंद्रों की सहभागिता और सहयोग पर बल दिया। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने बोवाई से पूर्व खेतों में खाद और उर्वरक प्रबंधन तथा दलहन एवं तिलहन फसलों में राइजोबियम कल्चर (जैव उर्वरक) के उपयोग पर प्रकाश डाला। आनुवांशिकी और पौध प्रजनन विभाग की अध्यक्षा डॉ मणिगोप्पा चक्रवर्ती ने बताया कि वेस्टर्न सेक्शन फार्म में 8 आइसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित परियोजनाओं और 12 राज्य योजनाओं से संबंधित खरीफ शोध कार्यक्रम होंगे। फार्म के 55 एकड़ भूमि में मिलेट्स फसलों जैसे मड़ुआ, गुंदली, कंगनी एवं कोदो, मकई, अरहर, उरद, मूंग, सरगुजा, सोयाबीन, मूंगफली तथा धान आदि फसलों से संबंधित शोध कार्यक्रम होंगे। इन शोध कार्यक्रमों का राज्य हित और राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्व निहित होगा। शस्य वैज्ञानिक डॉ एकलाख अहमद ने फार्म के करीब 17 एकड़ भूमि में धान की करीब 480 उन्नत किस्मों पर शोध कार्यक्रम की बात कही। टांड़ भूमि में धान की सीधी बोवाई जल्द शुरू किये जाने की बात कही। उन्होंने धान की सीधी बोवाई में अनुशंसित प्रभेदों में सहभागी, बिरसा धान -108, बिरसा विकास धान -109, बिरसा विकास धान -110, बिरसा विकास धान -111 और वंदना को उपयुक्त बताया। वैज्ञानिक दल ने फार्म सनई की खड़ी फसल को देखा और फसल प्रदर्शन पर संतोष जताया। शस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने सनई फसल का धान के खेत में हरी खाद के रूप में उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इसे धान रोपाई और सीधी बोवाई से पहले खेतों में डालकर मिलाया जायेगा। बुआई के 36-40 दिनों के बाद मिट्टी पलटने वाले हल से 15 से 20 सेमी की गहराई पर पलट दिया जायेगा। इससे खेतों में नमी बनी रहती है। मिट्टी की भौतिक संरचना में सुधार के साथ यह खड़ी धान फसल को 20-25 किलो प्रति हेक्टेयर नत्रजन भी प्रदान करता है। वैज्ञानिकों के दल में डॉ नीरज कुमार, डॉ सीएस महतो, डॉ एकलाख अहमद, डॉ अरुण कुमार, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ एके सिंह, डॉ नूतन वर्मा आदि शामिल थे।

# वरिष्ठ पत्रकार पूरनचंद्र प्रसाद के निधन पर नमन भारतीय ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर के प्रवक्ता नमन भारतीय ने रांची एक्सप्रेस के पूर्व संपादक व वरिष्ठ पत्रकार पूरनचंद्र प्रसाद का शनिवार की रात्रि को हृदयगति रुक जाने से हरमू हाउसिंग स्थित आवास पर निधन हो गया। श्री चैती दुर्गा मंदिर के सभी पदाधिकारिओं ने पूरनचंद्र प्रसाद के निधन पर शोक जताया। वे अपने पीछे पत्नी और एकमात्र सुपुत्री को छोड़ गये हैं। रविवार को दोपहर के बाद उनकी शव यात्रा निकाली गयी जिसमें कई पत्रकार एवं उनके मित्र शामिल थे। उनका अंतिम संस्कार हरमू स्थित मुक्तिधाम में किया गया। पूरनचंद्र प्रसाद का जन्म रांची में 12 जनवरी 1957 को हुआ था। उन्होंने 1980 में दैनिक रांची एक्सप्रेस में एक संवाददाता के रूप में पत्रकारिता जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने कुछ दिनों तक नागपुर स्थित लोकमत समाचार में भी उप संपादक के रूप में कार्य किया। उन्होंने 15 जनवरी 2015 को रांची एक्सप्रेस अखबार से अवकाश प्राप्त किया। बाद के दिनों में वे रांची एक्सप्रेस के स्थानीय संपादक भी रहे।

## ऑटो पलटने से छात्र की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका सवैयाटांड़ पंचायत के झलकडीहा गांव के समीप रविवार को अवैध अभ्रख लदा ऑटो पलटने से एक किशोर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कोडरमा के डोमचांच थाना क्षेत्र के पारहो पंचायत के चौधरीडीह निवासी राजेंद्र प्रसाद के 13 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार के रूप में हुई है। मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई और दो बहन था। वह राजकीय मध्य विद्यालय पारहो में 9 वां कक्षा का छात्र था। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि चटकरी गांव से ठेकेदार द्वारा अभ्रख खरीद कर ऑटो से लाया जा रहा था। रास्ते में झलकडीहा गांव के समीप ऑटो पलटने से किशोर की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी।

### कलश वेंकटेश होटल का भव्य शुभारंभ, सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक हुए शामिल

# शहनाज अख्तर के भक्ति गीतों पर झूमे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** शहर के टायर मोड़ स्थित कलश वेंकटेश होटल एंड बैंक्वेट एवं सेवन वंडर्स रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधिवत रूप से संचालक के माता-पिता ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही, उद्घाटन समारोह में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, बजरंग महतो सहित कई अतिथि शामिल हुए। इस दौरान कलश वेंकटेश होटल एंड बैंक्वेट के संचालन पिंकू चौधरी, संजीत कुमार ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। मौके पर गिरिडीह सांसद प्रकाश चौधरी ने कहा कि इस तरह का होटल एंड बैंक्वेट खुलने से रामगढ़ वासियों को काफी लाभ होगा। क्योंकि इस तरह का होटल एंड बैंक्वेट रामगढ़ में पहले नही था, लेकिन अब रामगढ़वासी भी इसका लाभ उठा सकते है। वही, विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, और पूर्व विधायक ममता देवी ने भी संचालक को बधाई और शुभकामनाएं दिए।

**भक्ति के मार्ग में अगर मुस्लिम लड़कियां आ रही है तो सौभाग्य की बात: शहनाज अख्तर**

भक्ति के मार्ग में किसी को जाने से रोकना नहीं चाहिए, अगर मुस्लिम लड़कियां भजन गाने के क्षेत्र में आ रही है तो इससे बढ़कर सौभाग्य की बात नहीं है हिंदू समाज के लिए, खास कर मेरे लिए की मैं प्रेरणा बन रही हूं। उक्त बातें शनिवार को टायर मोड़ स्थित कलश व्यंकटेश के उद्घाटन समारोह से पूर्व पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर ने कही।उन्होंने कहा कि देश में समानता पहले से है, लेकिन समान नागरिक संहिता लाने की बात हो रही है तो यह अच्छी बात है। इससे सम्प्रदायिकता व फसाद पर भी समानता आयेगा। यह काफी अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भजन से ईश्वरीय शक्ति से मिलन का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड मेरा फेवरेट राज्य है, यहां पर मैं 2005 से आ रही हूं, जब से मैं फेमस हुई हूं। आज मेरा बहुत ही बड़ा सौभाग्य है कि मैं रामगढ़ आई हूं और मां छिन्नमस्तिका का पूजा अर्चना कर आरती में शामिल हुई। मुझे या नहीं पता था कि मां छिन्नमस्तिका यहां साक्षात विराजमान है।

**छुम छुम छनानना बाजे मैया पांव पैजनिया.....**

कलश वेंकटेश होटल एंड बैंक्वेट का भव्य शुभारंभ के उपरांत प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर ने एक बढ़कर एक भक्ति गीतों पर उपस्थित लोगों को झुमाया। इस दौरान शहनाज अख्तर ने छुम छुम छनानना बाजे मैया पांव पैजनिया सहित कई भक्ति भजन पेशकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**ये थे उपस्थित:** सेवन वंडर के संचालक ब्रजेश कुमार साहू, दिलीप कुमार गुप्ता, मालती देवी, कुसुम देवी, संजीव कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, राजीव कुमार गुप्ता, राजेश चौधरी, रागिनी चौधरी, रेनू चौधरी, स्वरूप राज, अभिनव राज, अंश चौधरी, प्रियांशी चौधरी, विशाल कुमार सिंह, इंदु भूषण शर्मा, शालिग्राम सिंह, अजीत जायसवाल, रंजन अग्रवाल, सुनील गुप्ता, हेमलाल महतो, जॉनी गोस्वामी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बस ने रांची की चार महिला कांवरियों को कुचला, एक महिला की मौत, तीन घायल

**रांची (आजाद सिपाही)** । बिहार में रांची के चार कांवरियों को बस ने कुचला एक महिला की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल हैं। ये घटना बिहार के बाढ़ थाना अंतर्गत कोणदी सकसोहरा रोड एनएच-30ए के लदमा गांव के निकट शनिवार की रात नौ बजे की है।जहां तेज रफ्तार एक बस ने राँची की चार महिला कांवरियों को कुचल दिया।एक महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं।मृत महिला की पहचान राँची निवासी संजय ओझा की 35 वर्षीया पत्नी के रूप में की गयी है गंभीर रूप से घायल 30 वर्षीया लीलावती देवी को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया दो अन्य महिलाएं भी घटना में मामूली रूप से घायल हुई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों घायल महिलाओं को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेजा। मौके पर बाढ़ थाना की पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि महिलाएं बाढ़ के उमानाथ घाट पर स्नान करने के बाद गंगाजल लेकर बरबीघा ( शेखपुरा जिला) के शिवालय में जल चढ़ाने के लिए जा रही थीं,तभी यह घटना हुई महिलाओं के साथ करीब 50 लोगों का जत्था भी जल चढ़ाने के लिए जा रहा था।वहीं बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

### जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला की समीक्षा के साथ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति कि बैठक सेक्टर 3 धूमकुडिया भवन प्रांगण समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव के अध्यक्षता में बैठक हुई। सभी सदस्यों/ पदाधिकारियों/ स्वयंसेवक /कार्यकर्ताओं को रथयात्रा मेला 2023 मे शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाये, इसके लिए समिति की ओर से आप तमाम सदस्यों/ पदाधिकारियों /स्वयंसेवक/ कार्यकर्ता भाई बहन बधाई के पात्र हैं। समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा कि वर्तमान समय में अपने धर्म और समाज उनके अस्तित्व और पहचान को सुरक्षित रखना एक चुनौतीपूर्ण बन गया है। आप सभी युवाओं से मेरा निवेदन है कि अपने धर्म और समाज पर अडिक रहे। धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मामले अभी जोर शोर से चल रहा है इसे हमें बचना है और बचाना भी है। विषय को लेकर हमें गांव, पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। समिति के जय मंत्री उरांव ने कहा कि युवाओं अपने धार्मिक, और सामाजिक सोच को आगे बढ़ाते हुए अपने भविष्य कि भी चिंता करें शिक्षा दीक्षा पर ध्यान दें। बैठक में बिरसा भगत, लुथरु उरांव, लोरया उरांव, मानसाय उरांव, बबलू उरांव, राजू उरांव, विनोद उरांव, कुमुदिनी लकड़ा, मोहन महली, संध्या देवी, रिंकू कुमार, गुड़िया कुमारी, पूजा देवी, संदीप कुमार, रवि महली, अजीत उराव, रवि उरांव एवं उपस्थित थे।

### बर्लिन डायग्नोस्टिक में भ्रूण चिकित्सा पर लाइव प्रदर्शन सीएमइ का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में पहली बार बर्लिन डायग्नोस्टिक एंड डे केयर रांची में भ्रूण चिकित्सा पर लाइव प्रदर्शन सीएमई का आयोजन किया गया। भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ तूलिका जोशी के मार्गदर्शन में कई प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों और रेडियोलॉजिस्ट को बुनियादी भ्रूण इमेजिंग में प्रशिक्षित किया गया। डॉ खुर्शीद आलम, जो कोलकाता में भ्रूण चिकित्सा सलाहकार हैं, सत्र के लिए आमंत्रित अतिथि वक्ता थे। भ्रूण विकास स्कैन और विसंगति स्कैन में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए 35 से अधिक डॉक्टरों ने सीएमइ में भाग लिया। प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ करुणा झा, डॉ गीता सिन्हा मानकी, डॉ मुक्ता नारायण ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रदर्शन के साथ भ्रूण विसंगति स्कैन के चरणों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए डॉ तूलिका जोशी ने झारखंड और पड़ोसी राज्यों में बुनियादी भ्रूण इमेजिंग के कौशल को बढ़ाने के लिए इसे एक नियमित कार्यक्रम बनाने का वादा किया।

### खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक रांची में, चतरा लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय



**रांची (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को रांची मोरहाबादी स्थित नीलांबर पीतांबर पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू तथा संचालन केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता ने किया। बैठक में समाज के राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए लोकसभा एव विधानसभा चुनाव में समाज को उचित भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज 2024 के चतरा लोकसभा चुनाव लड़ेगा। बैठक में केंद्रीय सरंक्षक योधेश्वर सिंह भोगता, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, हीरालाल भोगता, केंद्रीय सदस्य सुदर्शन भोगता, रामधन गंझू, बसंत गंझू, धनुषधारी गंझू, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत प्रधान, लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू, हजारीबाग जिला अध्यक्ष बालदेव गंझू, बोकारो युवा जिला अध्यक्ष भोला भोगता,युवा जिला अध्यक्ष लातेहार प्रकाश गंझू, अमृत खरवार, नान्हू गंझू, हेमलाल गंझू, शिवनाथ भोगता, दीपू भोगता, रामधारी गंझू, अजय गंझू, सेवा गंझू, संजय गंझू, सोमनाथ गंझू, नरेश गंझू, बाबूलाल भोगता शामिल हुए।

## कार्यकर्ताओं को पासवा प्रदेश अध्यक्ष ने दिये दिशा निर्देश



**10 जुलाई को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पासवा कोर कमेटी के सदस्यगण एवं पासवा के एक्टिव कार्यकर्ता राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव, रांची का दौरा किया। वहीं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को विशेष दिशा निर्देश दिया एवं तैयारियों को मूर्त रूप देने के लिए रणनीति बनायी गयी। बता दें कि आगामी 10 जुलाई को खेलगांव इंडोर स्टेडियम में राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान आयोजित होगा। इसमें मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 80 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक लाने वाले सीबीएसइ, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड के लगभग 15 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, संजय प्रसाद, आलोक विपिन टोप्पो, शुभोजित अधिकारी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### आदित्य बिड़ला मेमोरियल 22वीं झारखंड स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैम्पियनशिप संपन्न

## यजत नरसरिया और अमायरा आदित को मिला यंगेस्ट प्लेयर का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी प्रांगण में आदित्य बिड़ला मेमोरियल 22वीं झारखंड स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैम्पियनशिप 2023 का रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। यंगेस्ट प्लेयर का खिताब लड़कों में यजत नरसरिया और लड़कियों में अमायरा आदित को मिला। पहले स्थान पर रहे ईस्ट सिंहभूम के रोहन विजय शांडिल्य को 16 हजार नगद के साथ ट्रॉफी दिया गया। टॉप 20 खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिये गये।

विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ऑल झारखंड शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, सचिव मनीष कुमार, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, अनिल कुमार सिंह, गढ़वा जिला शतरंज संघ के सचिव आलोक तिवारी, जैलेंद्र कुमार, चंदन कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मुख्य निर्णायक दीपक कुमार, निर्णायक प्रभात रंजन कुमार, विनोद कुमार साव, विक्रम कुमार, अरुण कुमार विकास कुमार मेहता, अशोक सिंह एवं मनीषा मासी का अहम योगदान रहा।

### इंटर ऑफिस कैरम टूर्नामेंट 8-9 जुलाई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला कैरम संघ रांची के तत्वावधान में 8 एवं 9 जुलाई को सीएमपीडीआइ के रिक्रिएशन हॉल में इंटर ऑफिस कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में भाग लेने एवं अन्य जानकारी के लिए 9431574192 पर संपर्क करें।

### 94वां नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा



**रांची (आजाद सिपाही)।** जाग्रति अग्रवाल एवं जयंती अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके माता-पिता धनबाद निवासी जय हन्नी अग्रवाल के सौजन्य 94 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं भंडारा वितरण में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, सुशील नारसरीया, ओम प्रकाश गाडोदिया, मोहनलाल खंडेलवाल, चिरंजीलाल खंडेलवाल, शिव भगवान अग्रवाल, शिव अग्रवाल, सुरेश चौधरी, मनोज जालान, पूरणमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल मनीष जालान, सज्जन पाडिया, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, जय प्रकाश मित्तल, नवल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह एवं विधा देवी अग्रवाल, शोमा जालान, उर्मिला पाडिया, सिता शर्मा, शारदा पोद्दार, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, नेहा सिंह सुनीता अग्रवाल और चंदा देवी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# रांची के मेन रोड में बनेगा क्लॉक टावर

### रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल के अंतिम दिन पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल (लायनिस्टक वर्ष 2022-23) के अंतिम दिन राजधानी रांची की हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक के पास क्लॉक टावर बनाने के सपने को सरजमीं मिल गयी। मेन रोड स्थित सदर अस्पताल की चहारदीवारी के पास इस क्लॉक टावर का शिलान्यास रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय तथा लायंस के पूर्व डिस्टिक गवर्नर रोबिंग लायन राजेश गुप्ता पवन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने क्लॉक टावर के सपने को शिलान्यास तक पहुंचाकर राजधानी रांची को एक स्थायी व सुंदर तोहफा दिया है, जिससे लायंस क्लब के भी पूरे विश्व में ब्रांडिंग होगी। उन्होंने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने दिन-रात एक कर तमाम अड़चनों को पार करते हुए इतने कार्यों को संपादित किया, वह अपने आप में एक उदाहरण है। इससे हर कोई प्रेरित होता रहेगा। उन्होंने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने क्लॉक टावर को हकीकत बना रांची को एक टूरिज्म प्वाइंट भी दिया है। अब यह नयी टीम का दायित्व बनता है कि वह रतन लाल अग्रवाल द्वारा खींची गयी सेवा की लकीर को और आगे बढ़ाते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करे। इस मौके पर अपने भावुक संबोधन में रतन लाल अग्रवाल ने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा, सदस्यों के सहयोग, शुभचिंतकों की मदद और आम लोगों की बदौलत ही वे अपने एक साल की अध्यक्षीय कार्यकाल में इन तमाम कार्यों को मूर्त रूप दे सके। अग्रवाल ने कहा कि उनके लिए यह बहुत गौरवान्वित क्षण है कि कार्यकाल के अंतिम दिन क्लॉक टावर का भी शिलान्यास हो गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी समाज को अपने इस अनमोल रतन से सेवाएं मिलती रहेंगी। मौके पर क्लब के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेश गुप्ता पवन, क्लब की प्रथम महिला लायन सुनीता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, अरूण केजरीवाल, नेमी अग्रवाल, दिवाकर राजगढ़िया, संजय पोद्दार, कृष्ण कुमार, अमर चंद बैगानी, सुनील माथुर, राम कृष्ण, सतीश गुप्ता, हर्षवर्धन जालान व बलियापुर धनबाद से डिस्ट्रिक्ट के लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन प्रेम कुमार तथा क्लब के लायन सदस्य भारी संख्या में मौजूद रहे।

## छत से गिरकर एक व्यक्ति घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार को हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के करमा से एक घायल व्यक्ति अपना इलाज कराने सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचा। घायल मोहम्मद मंसूर (उम्र 47 वर्ष पिता जमीर मियां) के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद मंसूर अपने खपड़े के घर की मरम्मति कर रहे थे। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर कर घायल हो गये। जिसमें उनके सिर, आंख, पेट समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

### विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद देने में जिला पुस्तकालय निभा रहा अहम भूमिका

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा दिलायेगा जिला प्रशासन: माधवी मिश्रा

**250 बच्चों ने कराया है पुस्तकालय में निबंधन, पांच हजार किताबें पुस्तकालय में उपलब्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शिक्षा ग्रहण कराने को लेकर छात्रों को शांत एवं प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के प्रखंड कार्यालय के समीप जिला पुस्तकालय संचालित की गई है। पुस्तकालय का निर्माण डीएमएफटी के तहत कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 29 फरवरी 2020 को जिला पुस्तकालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। जिसके बाद कोरोना व अन्य कारणों से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद शहर के दौरे के क्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया।

**डीसी के बेहतर प्रयास शुरू हुआ पुस्तकालय का संचालन:** उपायुक्त द्वारा लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण के कारण अप्रैल 2022 से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू हुआ। वर्तमान में पुस्तकालय में 5000 से भी अधिक किताबें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। वही 250 से अधिक बच्चों ने पुस्तकालय में अपना निबंधन कराया है। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए मिनरल वाटर, शौचालय, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है वही विद्युत सेवा बाधित होने की स्थिति में बच्चों के लिए इनवर्टर द्वारा विद्युत सप्लाई की सेवा भी उपलब्ध है।

इस संबंध में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकालय का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# भारत-अमेरिका घनिष्ठ रक्षा संबंध

अमेरिका ने 2022 में विश्व के सैन्य खर्च का 39 प्रतिशत खर्च किया। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ चीन का स्थान था। यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस ने केवल 3.9 प्रतिशत खर्च किया, जबकि भारत ने 3.6 प्रतिशत खर्च किया। इसके बाद सऊदी अरब और यूनाइटेड किंगडम क्रमशः 3.3 और 3.1 प्रतिशत पर थे। अमेरिका की संघीय सरकार के रक्षा विभाग (डीओडी) के पास वित्तीय वर्ष 2023 के लिए 2.01 ट्रिलियन अमरीकी डालर का बजटीय आबंटन है। यह मोटे तौर पर प्रतिबद्ध दायित्वों में 829.89 बिलियन अमेरिकी डालर और अनुबंधों तथा वित्तीय सहायता पर 192.23 बिलियन अमेरिकी डालर खर्च करता है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए करीब 224. 79 बिलियन डालर के वार्षिक रक्षा बजट की घोषणा की। तुलनात्मक रूप से भारत का वित्तीय वर्ष 2023-24 में 72.6 बिलियन डालर का रक्षा बजट है। चीन संयुक्त रूप से इंडो पैसेफिक सेनाओं से 17 प्रतिशत अधिक खर्च करता है। इसके विपरीत अमेरिका रक्षा पर चीन की तुलना में 10 गुणा अधिक खर्च करता है। इसलिए भारत के रक्षा खर्च को बढ़ाने या भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों और चुनौतियों को कम करने का एक बहुत मजबूत मामला है। चीन के रक्षा खर्च में वित्तीय वर्ष-22 की तुलना में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। यह चीन के रक्षा खर्च में लगातार 8वीं एकल अंकों वाली वृद्धि है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि चीन का वास्तविक सैन्य खर्च आधिकारिक तौर पर बताये गये आंकड़े से कम से कम दोगुना है। अगर यह सही मान लिया जाये तो यह अभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपनी रक्षा जरूरतों पर खर्च किये जाने वाले खर्च से 8 गुणा कम है। अपने सैन्य खर्च को लगातार बढ़ाने के पीछे चीन का उद्देश्य 3 गुणा है। उसे यह सुनिश्चित करना है कि पीएलए अपने सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के साथ ट्रैक पर है। चीन को शताब्दी बैंच मार्क को पूरा करना होगा। अन्य बातों के अलावा पीएलए 2027 तक रणनीतिक उच्च अंत निरोध हासिल कर ले, 2035 तक पीएलए के आधुनिकीकरण के उद्देश्य को पूरा कर ले जो अंततः सदी के मध्य तक एक विश्व स्तरीय सेना के विकास में परिणत होगा। इसलिए यह दावा करना कि अमेरिका भारत के साथ घनिष्ठ रक्षा संबंध चाहता है, केवल भारतीय रक्षा बाजार में मजबूत होना चाहता है, पूरी तरह से सही नहीं हो सकता। अमेरिकी सैन्य औद्योगिक परिसर शायद ही रक्षा विभाग की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वित्तीय वर्ष 2023 में यह भारत के कुल रक्षा बजट का करीब ढाई गुणा 192.23 बिलियन अमेरिकी डालर का अनुबंध प्रदान करेगा और अन्य दायित्वों का निर्वहन करेगा। इसके अलावा अमेरिकी रक्षा उद्योग अब एक बार फिर यूरोप की रक्षा में महत्वपूर्ण रूप से लगा हुआ है। तो फिर अमेरिका-भारत के साथ घनिष्ठ रक्षा संबंध क्यों चाहता है? कारण पूरी तरह से रणनीतिक हैं।

**अमेरिका रक्षा पर चीन की तुलना में 10 गुणा अधिक खर्च करता है। इसलिए भारत के रक्षा खर्च को बढ़ाने या भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों और चुनौतियों को कम करने का एक बहुत मजबूत मामला है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में दिव्यांगजनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच शामिल है। इसके अलावा, कई दिव्यांगजन पहुंच की कमी के कारण परिवहन और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने बनाने के लिए भी संघर्ष करते हैं। सहायक प्रौद्योगिकी दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भागीदारी करने में मदद करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।**

# समावेशन के लिए सहायक प्रौद्योगिकी: भारत का दृष्टिकोण और क्षमता

**राजेश अग्रवाल**



**भारत दिव्यांगजनों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप में वृद्धि का साक्षी बन रहा है, जो दिव्यांगजनों के लिए नवीन उत्पाद बनाने हेतु नवीनतम तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। यह भारत सरकार के समर्थन से समावेशन को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता कर सकते हैं।**

सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) अर्थात ऐसा कोई भी उत्पाद या सेवा, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) अथवा इस तरह की किसी भी स्वास्थ्य स्थितियों का सामना कर रहे लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दैनिक गतिविधियों का निर्वहन करने में सहायता की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ द्वारा मई 2022 में सहायक प्रौद्योगिकी पर जारी की गयी पहली वैश्विक रिपोर्ट (जीआरइएटी) के अनुसार, दुनिया में 2.5 बिलियन से अधिक लोगों को एक अथवा अधिक सहायक उत्पादों की आवश्यकता होती है। भारत में, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 26.8 मिलियन लोग दिव्यांग हैं और यह उनके लिए सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को दर्शाता है।

भारत में दिव्यांगजनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच शामिल है। इसके अलावा, कई दिव्यांगजन पहुंच की कमी के कारण परिवहन और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने बनाने के लिए भी संघर्ष करते हैं। सहायक प्रौद्योगिकी दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भागीदारी करने में मदद करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**आज, एटी दिव्यांगजनों के लिए विश्व मंच पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय है।**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) का उद्देश्य दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण सहायक उपकरण और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है। पिछले कुछ वर्षों में, एलिम्को भारत में एटी के क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार बन चुका है। एलिम्को सहायक उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करता है, जिसमें प्रोस्थेसिस, ऑर्थोसिस, श्रवण यंत्र और गतिशीलता सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर, बैसाखी आदि शामिल हैं।

एलिम्को ने दुनिया भर में प्रगति के साथ तालमेल बनाये रखने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सहायता और सहायक उपकरणों का उत्पादन करने हेतु अपनी सुविधाओं का आधुनिकीकरण करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इस दिशा में, एलिम्को ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सहयोग किया और लोअर लिम्ब प्रोस्थेटिक कंपोनेंट (कृत्रिम पैर) और सक्रिय व्हील चेयर के स्वदेशी निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए टीओटी पर हस्ताक्षर किये। प्रोस्थेटिक्स के लिए एलिम्को द्वारा निर्मित परिवर्तन किट का मूल्य इस श्रेणी में आयातित प्रोस्थेसिस की तुलना में बेहद कम है, जिसे देश भर में हजारों लाभार्थियों को लगाया गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए स्वदेशी डिजाइन से निर्मित 'सुगम्य' छड़ी की परिकल्पना की गयी है।

प्रौद्योगिकी ग्रहण करने की दिशा में एलिम्को द्वारा किये गये प्रयासों में अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक केंद्र; उन्नत डिजाइन दक्षता के साथ- 3डी मॉडलिंग और विश्लेषण सॉफ़्टवेयर; 3डी प्रिंटिंग सहित कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (सीएडी) और कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम); सीएनसी स्लाइडिंग हेड मशीन और सीएनसी टर्न मिल मशीन का उपयोग; सटीक/सटीक धातु विश्लेषण के लिए- स्पेक्ट्रो विश्लेषक; बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल में रिवर्स ड्राइव और डिस्क ब्रेक और एक्टिव फोल्डिंग व्हील चेयर तथा रफ टेरेन व्हील चेयर का डिजाइन/ड्राइंग जैसी नयी सुविधाएं शामिल की गयी हैं।

दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों और परिवहन प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा 2015 में सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया गया था और यह दिव्यांगजनों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने पर केंद्रित है।

कौशल विकास के लिए 2015 में शुभारंभ की गयी राष्ट्रीय कार्य योजना का लक्ष्य 2022 तक दस लाख दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें दिव्यांगजनों को उनके कौशल विकसित करने में सहायता करने के लिए एटी प्रदान करने का प्रावधान है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीइपीडब्ल्यूडी) की सहायता/उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजन को सहायता (एडीआइपी) योजना दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों और अन्य उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यह सबसे लोकप्रिय भी है तथा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए इसमें देश के सभी जिले शामिल हैं।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीइपीडब्ल्यूडी) के तहत विभाग द्वारा देश भर में नौ राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किये गये हैं, साथ ही राष्ट्रीय संस्थानों की विस्तारित शाखाओं के रूप में 21 समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भी स्थापित किये गये हैं।

भारत दिव्यांगजनों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप में वृद्धि का साक्षी बन रहा है, जो दिव्यांगजनों के लिए नवीन उत्पाद बनाने हेतु नवीनतम तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। यह भारत सरकार के समर्थन से समावेशन को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता कर सकते हैं।

आज, एटी दिव्यांगजनों के लिए विश्व मंच पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय है, जो दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित एक वैश्विक कार्यक्रम है। कुल मिलाकर, भारत में दिव्यांगता क्षेत्र में सहायक प्रौद्योगिकी का व्यापक दायरा महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स का एक बढ़ता हुआ इकोसिस्टम भी है। सरकार ने समावेशन को बढ़ावा देने और दिव्यांगजनों के जीवन में सुधार लाने में एटी समाधानों की क्षमता को पहचाना है और सरकार एटी समाधानों के विकास, इन्हें अपनाने और इनके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। निरंतर निवेश और समर्थन के साथ, एटी समाधानों के विकास और इन्हें अपनाने के मामले में भारत वैश्विक रूप से प्रमुख बनने की क्षमता रखता है।

**(लेखक : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव हैं।)**

# गुरु बिनु भव निधि तरै न कोई



**डॉ तपन कुमार शांडिल्य**

भारतीय संस्कृति में ज्ञान को सर्वोपरि माना गया है और सभी दानों मे ज्ञान दान सर्वोत्तम है।इसीलिए ज्ञान दाता गुरु के पूजन का विधान हमारी संस्कृति में आदि काल से चला आ रहा है।गुरु पूर्णिमा उसी गुरु पूजन का प्रतीक है।भारतीय परंपरा में शिव को आदि गुरु माना गया है,लौकिक परंपरा मे महर्षि वेद व्यास ही आदि गुरु माने जाते हैं।अतःगुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।यह प्रत्येक वर्ष आषाढ़ पूर्णिमा को मनाया जाता है।

विद्या दान के द्वारा मानव जीवन को सब प्रकार से सार्थक करने वाले गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में माता पिता से भी बढ़कर आदरणीय और पूजनीय है।यही कारण है कि गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश से भी बढ़कर पूजनीय माना गया है

**गुरुः ब्रह्मा, गुरुःविष्णुःगुरुदेवो महेश्वरः।**
**गुरुसाक्षात पर ब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।**

आचार्य देवो भवः की उस पावन शिक्षा का अनुपालन ही गुरुपूर्णिमा का मुख्य उद्देश्य है,जो वेदो की अंतिम सूक्तियों में सिरमौर है।

गुरु शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है अंधकार और अज्ञान का निरोधक।गु का अर्थ है अंधकार और रु का अर्थ है निरोधक अर्थात गुरु वह है जो शिष्य के अज्ञानांधकार को दूर कर ज्ञान रुपी प्रकाश को प्रदान करता है।ऐसे गुरु को कोटिशः नमन वंदन और अभिनंदन है

**अज्ञानान्धकारस्य ज्ञानांजन शलाकया।**
**चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।**

अज्ञानांधकार से आवृत्त इस संसार में भटकने वालों के ज्ञान रुपी अंजन की शलाका लगाकर जो भीतर के मूंदे हूए नेत्रों को खोल देता है,वह गुरु देवता नहीं तो और क्या है?ऐसे परम उपकारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती जो एक अज्ञ को महान पंडित बनाकर निकालता है।अज्ञान और अविद्या से भटके हुए को बिजली की भांति चमकने वाले विद्या का प्रसाद बांट देता है।अपने भीतर की समूची अगाध निधि को लूटा देता है।अपने शिष्य से गुरु और अपने पुत्र से पिता कुछ भी बचाकर अपने पास नहीं रखना चाहता,यदि वह सचमुच सच्चा गुरु और वास्तविक पिता है।

मैं अपने जीवन में अपने पिता श्री स्व. प्रो शिवदानी शर्मा को परम गुरू मानता हूं। वे तिलकामांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर में अर्थशास्त्र के निष्णांत विद्वान ,कुशल प्राध्यापक और हरदिल अजीज इंसान थे।उनकी प्रेरणा से ही मैंने भी अर्थशास्त्र में एम ए की उपाधि प्राप्त की और स्वर्ण पदक प्राप्त कर अर्थशास्त्र का प्राध्यापक बना। महाकवि घाघ की पंक्ति है -

**बाढ़े पूत पिता के धर्मे,**
**खेती उपजे अपना कर्मे।**

अर्थात पिता के सुकर्मों से पुत्र की वृद्धि होती है और अपने सुकर्मों से खेती में बरक्कत होती है। आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यह लिखते हुए मै गौरवान्वित हूं कि पिताश्री के आशीर्वाद से आज मैं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति पद पर आसीन हूं और उनके सपनों को साकार करने में धन्यता का अनुभव कर रहा हूं। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के निर्माण में माता पिता और गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है।आज गुरु पूर्णिमा के पावन पुनीत अवसर पर गुरुरूप में विराजमान अपने पिता श्री के प्रति श्रद्धावनत हूं।भगवान वेद व्यास भारतीय ज्ञान गरिमा के अक्षय प्रेरणा स्त्रोत हैं।मानव जाति के लिए उन्होंने अपने दीर्घकालिक अनुभव तथा वेदों और शास्त्रों के निचोड की जो थाती सौपी है,वह अमूल्य निधि के समान युगो युगो तक कल्याणकारी सिद्ध होगी।भारतीय ऋषि मुनियों की उज्ज्वल ज्ञान परंपरा के वे अद्वितीय प्रतीक हैं।अपनी कठोर तपस्या और साधना या को स्थापित करते हुए लिखा है

**गुरु बिनु भव निधि तरै न कोई।**
**जौ विरंची शंकर सम होई।।**

(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)

## जमशेदपुर की खबरें

# राजद का 27वां स्थापना दिवस पांच को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** राष्ट्रीय जनता दल का 27 वां स्थापना दिवस ऑटो क्लस्टर सभागार में 5 जुलाई को धूमधाम से मनाया जायेगा। रविवार को राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पुरेंद्र नारायण सिंह ने इसकी जानकारी दी। मौके पर सिंह ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अथिति राजद के पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव उपस्थित होंगे। मुख्य अतिथि के शहर आगमन पर टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग के पास ढोल नगाड़ा व गाजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के द्वारा केक कटिंग किया जाएगा। मौके पर सभी राजद कार्यकर्ता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की नीतियों व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने व विकास की रोशनी को समाज के अंतिम व्यक्ति के चौखट तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। मौके पर मुख्य अथिति के द्वारा राजद के 5 वरिष्ठ कार्यकर्ता को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर भोजपुरी के सुप्रसिद्ध गायक राजेश रसिक के राष्ट्रीय जनता दल पर आधारित गीतों को लॉन्च किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव राजेश यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, एसएन यादव, उमाशंकर राम उपस्थित रहे।

# आदिवासी कुड़मी समाज ने पौधरोपण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आदिवासी कुड़मि समाज केंद्रीय समिति के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गाछ रोपा होमदुमि बीते 25 जून से 16 जुलाई तक चलाया जा रहा है। रविवार को जुगसलाई विधान सभा स्थित लुआबासा गांव के जाहिराथान में आकुस ग्राम अध्यक्ष रंजीत महतो,दलदली पंचायत के सुकलाड़ा गांव के जाहिराथान में आकुस ग्राम अध्यक्ष आनंद महतो व बेलाजुड़ि पंचायत स्थित सालबोनी गाँव के जाहिराथान में समाजसेवी नरहरि महतो के नेतृत में साल और महुआ के पौधे लगाये गये। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने बताया आदिवासी समाज प्रकृति के आराधक है। समुदाय के धर्म स्थल खुले आसमान के नीचे पेड़ों के बीच अवस्थित होते हैं। आस्था के साथ इसका संबंध पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा है। उन्होंने कहा पेड़ पौधों से स्वच्छ जल, शुद्ध हवा के साथ औषधीय लाभ भी मिलता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपने क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने की अपील की। मौके पर आकुस झाड़खंड प्रदेश सदस्य निबारन महतो, पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव प्रकाश महतो, उत्तम महतो, लाइआ बिनोद सिंह,ग्राम प्रधान प्रभाकर महतो, लाइआ किसनअ चंद्र महतो, रांगा महतो, सुभाष महतो,जगदीश महतो, पियुष महतो,घनेश्याम महतो, सुबोध महतो, रिंकु महतो, रामकृष्ण महतो, मिठुन महतो, बिजय महतो, हराधन महतो, देवाशीष महतो, रंजीत महतो, सूरज महतो, प्रशांत महतो, रिंकु महतो, पवन महतो, मोहित महतो, संतोष महतो, नीलकंठ महतो, पंकज महतो, पप्पू महतो सहित अन्य शामिल रहे।

# वोटर लिस्ट सुधार कैंप आगे भी जारी रहेगा : नीतू शर्मा

**आदित्यपुर(आजाद सिपाही )।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 17 में क्षेत्र की जनता से जुड़े समस्याओं का समाधान के लिए वोटर लिस्ट सुधार कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को क्षेत्र के पूर्व पार्षद नीतू शर्मा के नेतृत्व में आयोजित वोटर लिस्ट सुधार कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर पूर्व पार्षद श्रीमती शर्मा ने बताया वार्ड संख्या 17 में स्थानीय लोगो ने वोटर लिस्ट से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया था। जनता के मांग पर वोटर लिस्ट सुधार कैंप लगाया गया। ताकि लोगो को वोटर लिस्ट से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी ना रहे। श्रीमती शर्मा ने बताया एक दिवसीय कैंप में क्षेत्र के लगभग 50 लोगों का आवेदन प्राप्त की गई। पता सुधार, ट्रांसफर से संबंधित प्रपत्र पाया गया।

# सरयू राय के यहां रामार्चा पूजा आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के नेतृत्व में बारीडीह कार्यालय के समक्ष मैदान में भव्य रामार्चा पूजा का आयोजन किया जायेगा। रविवार को विधायक सरयू राय ने पूजा स्थल का निरीक्षण कर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के नेता और कार्यकर्ताअें को कयी दिशा निर्देश दिये। मौके पर विधायक ने कहा कि बीते 20 वर्षो से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामार्चा पूजा का आयोजन करते आरहे है। ताकि झारखंड मैं रहने वाले सभी समाज के लोगों का परिवार में शांति, सुख समृद्धि हो सके। साथ ही झारखंड का तेजी से विकास हो सके। उन्होंने कहा कि इस बार भी बारीडीह विधायक कार्यालय के समक्ष मैदान में रामार्चा पूजा के लिए पंडाल का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करे केंद्र सरकार: समाजसेवी सावन सोय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** राजनगर के बीजाडीह व धुरीपदा गाँव में हो समुदाय के लोगो ने बैठक कर हो भासा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। रविवार को बैठक में सरना फिल्म निमार्ता और निर्देशक समाजसेवी सावन सोय शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा आदिवासी हो समुदाय पूरे भारतवर्ष में फैले हुए हैं। मुख्यतः झारखंड, उड़ीसा, बिहार, बंगाल, असम, छतीसगढ़, दिल्ली जैसे राज्यों में हो समुदाय की अच्छी खासी जनसंख्या है। इसके बाद भी हो समुदाय उपेक्षित हैं। उन्होंने कहा हो भाषा का अपना वरंगक्षिति लिपि है। दुनिया में छह हजार से भी अधिकी बोली भाषा है। जिसमें लगभग दो सौ ऐसी भाषा है जिसकी अपनी खुद की लिपि है। उन्होंने कहा वरंगक्षिति लिपि हो समुदाय की पहचान है। इसलिए हो भाषा को संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए आदिवासी हो समुदाय वर्षो से मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक केंद्र सरकार इस पर कोई पहल नहीं की। आदिवासी हो समुदाय सभी राज्यों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को पोस्ट कार्ड के माध्यम से मांग पत्र प्रेषित करेंगे। हो भाषा को 8 वीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए 21 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर में हजारों हजार की संख्या में लोगों ने पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

# नाम्या स्माइल ने लगाया राहत शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह मखदुमपुर में बीते दिनों बारिश के दौरान मुख्य नाला जाम होने से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। जलस्तर बढ़ने से महतो पाड़ा और अन्य इलाकों में लगभग पचास से अधिक परिवार प्रभावित हो गये। रविवार को सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। वही स्थानीय लोगो की समस्याओं का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने संस्था की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत शिविर लगाकर तैयार भोजन का वितरण किया। श्री षाड़ंगी ने संस्था के सदस्यों के संग स्वयं लोगों को भोजन कराया। मौके पर पूर्व विधायक ने राज्य के आपदा सचिव को फोन में वार्ता कर बाढ़ में उत्पन्न परेशानियों से अवगत कराया। श्री षाड़ंगी ने सरकारी प्रावधान के तहत पीड़ित परिवारों के बीच जल्द उचित मुआवजा पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में संस्था की ओर से भोजन की व्यवस्था आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। इस अवसर पर बिमल बैठा, आकाश श्रीवास्तव, रितिका श्रीवास्तव, निधि केडिया, सुमित श्रीवास्तव, सन्नी सिन्हा, सतप्रित सिंह, धवल सेठ, के सूर्या राव, पूर्णेंदु आचार्य, जीतू कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

**कार्यक्रम :** रंका के 150 से अधिक युवाओं ने थामा झामुमो का दामन, मंत्री मिथिलेश ने कहा

# झारखंड अलग राज्य निर्माण का सपना हो रहा पूरा

**मंत्री मिथिलेश ने अपने गढ़वा स्थित आवास पर सभी को माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत सहित अन्य पंचायतों के 150 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, किशोर ओझा, सदस्य संतोष राम एवं लभली उरांव के नेतृत्व में रामबाबू ठाकुर, जितेंद्र यादव, ओम प्रकाश यादव, सचिन यादव, उमेश भुईयां सहित 150 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। ये सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी छोड़कर झामुमो में शामिल हुए।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में सभी का स्वागत है। इन ऊर्जावान युवाओं को पार्टी में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। इनके उत्साह और उमंग का लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जिस सोच के साथ अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया था, उनका सपना अब पूरा हो रहा है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड एवं झारखंड वासियों को उनका संपूर्ण हक एवं अधिकार मिल रहा है। पार्टी की नीति एवं मुख्यमंत्री श्री सोरेन के बेहतर कार्यों का असर पूरे राज्य में है। यहां महिला, पुरुष, बुजुर्गों, नौजवानों सभी के दिल पर हेमंत सोरेन के बेहतर कार्यकाल का गहरा छाप पड़ा है।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उनकी सोच विकास और सिर्फ विकास करना है। वे संपूर्ण गढ़वा वासियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से अपने विकास के मिशन में काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आगे भी इसी तरह से गढ़वा वासियों का साथ मिलता रहा तो बहुत जल्द गढ़वा सबसे विकसित जिलों की श्रेणी में सबसे अग्रणी होगा।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा छोड़कर मेराल के एक दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल



मेराल (आजाद सिपाही)। मेराल प्रखंड के चामा पंचायत से भाजपा छोड़कर एक दर्जन से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल कराया। झामुमो के चामा पंचायत अध्यक्ष मुसाहेब अंसारी के नेतृत्व में सभी ने माटी की पार्टी झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री उपेंद्र विश्वकर्मा, विलास कुमार रवि, रमेश कुमार रवि, राजेश कुमार रवि, सचिन कुमार, बहादुर विश्वकर्मा आदि का नाम शामिल है। इस मौके पर पार्टी में शामिल होने वाले लोगों उपेंद्र विश्वकर्मा आदि ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही झारखंड एवं झारखंडियों की असली हितैषी पार्टी है। यहां सभी लोगों को पूरा मान, सम्मान एवं उचित हक, अधिकार मिलता है। जबकि भाजपा में छोटे कार्यकर्ताओं की कोई पूछ नहीं होती है। भाजपा की सरकार में न तो गढ़वा और न ही झारखंड में कोई भी विकास कार्य हुआ। परंतु आज झामुमो की सरकार झारखंड एवं झारखंडियां के हित में काफी बेहतर कार्य कर रही है।

# पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार

**ठेकेदार एवं जनप्रतिनिधियों से हथियार के बल पर लेवी की मांग करते हुए दहशत फैला रहा था पीएलएफआई संगठन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** जिले के रंका अनुमंडल अंतर्गत चिनिया रमकंडा क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर परदेसी यादव एवं उसके सहयोगी द्वारा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य में बाधा पहुंचाने एवं ठेकेदार, जनप्रतिनिधियों से हथियार का भय दिखाकर लेवी की मांग करते हुए दहशत फैलाया जा रहा था। उक्त आशय की जानकारी पुलिस को हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार ने बताया कि पीएलएफआई नक्सली संगठन के परदेसी यादव सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। उक्त छापेमारी के दौरान सिंजो गांव स्थित भौराहा जंगल के बीच प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के परदेसी यादव के हथियारबंद दस्ता के साथ मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के अनुसार छापेमारी टीम परदेसी यादव को चारों ओर से घेरते हुए आगे बढ़ने लगी। उसी बीच पुलिस को देखने के बाद परदेसी यादव एवं सहयोगी सीताराम चौधरी तथा कमलेश यादव इधर-उधर भागने लगे। छापेमारी दल के द्वारा तत्परता के साथ परदेसी यादव एवं सीताराम चौधरी को अवैध हथियार के साथ पकड़ लिया गया। जबकि कमलेश यादव रात्रि का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा। छापेमारी टीम के द्वारा परदेसी यादव एवं सीताराम चौधरी के पास से भरा हुआ बंदूक राइफल, देसी कट्टा तथा दोनों की निशानदेही पर केमोफ्लाइट वर्दी के साथ-साथ नक्सली संगठन से संबंधित सामानों को भी बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि परदेसी यादव एवं सीताराम चौधरी पूर्व में जेजेएमपी के सदस्य रह चुके हैं। जो जमानत होने के बाद क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच दहशत फैलाते हुए चीनिया, रंका, रमकंडा एवं चैनपुर क्षेत्र में ठेकेदार एवं स्थानीय लोगों से लेवी मांगने एवं लेवी ना देने पर मारपीट करने एवं जान मारने की धमकी देने तथा आम लोगों के बीच दहशत फैलाने का काम किया जा रहा था।

गिरफ्तार परदेसी यादव के पास से एक 12 बोर का देसी लोहे व लकड़ी का बना भरठुआ राइफल, 12 बोर का लोडेड कट्टा, एंड्रॉयड का दो मोबाइल, काला रंग का एक पिट्ठू बैग, केमोफ्लाइज वर्दी एक सेट, 12 बोर का दो खोखा, काला प्लास्टिक दो मीटर, काला गमछा, एमएम पीएलएफआई लिखा हुआ तीन पर्चा, एक काला रंग का एलईडी टॉर्च एवं खाने-पीने का सूखा राशन बरामद किया गया।

गिरफ्तार सीताराम चौधरी के पास से एक 12 बोर का देसी लोहे व लकड़ी का बना भरठुआ राइफल, वीवो एंड्रॉयड का मोबाइल, आसमानी रंग का एक पिट्ठू बैग, केमोफ्लाइज वर्दी एक सेट, जिओ कंपनी का 1 सिम, चेकदार फुल सर्ट एवं खाने-पीने का सूखा राशन बरामद किया गया।

छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, रमकंडा थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक रंका थाना श्रवण कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बादल मुंडा सहित अन्य अधिकारी और जवान शामिल थे।

## अवैध बालू भंडारण मामले में सीओ ने नौ नामजद और पांच अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करायी



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** अवैध रूप से बालू भंडारण मामले में अंचलाधिकारी निधी रजवार ने नौ नामजद सहित पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। अंचलाधिकारी निधि रजवार ने विशुनपुरा थाना में जांच प्रतिवेदन देकर प्रखंड के पतिहारी व दर गांव में अवैध रूप से सैकड़ों ट्रेक्टर बालू भंडारण मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। जिसमें पतिहारी गांव के सुकरूदिन अंसारी, नेसार अंसारी, ज्याउल हक अंसारी, वहीं दर गांव के सीताराम बेदिया, मंजूर अंसारी, अकरम अंसारी, नजमुदिन अंसारी, गुलाम रजा तथा शौकत अंसारी के नाम शामिल हैं। वहीं ग्राम पतिहारी में नदी किनारे पांच अज्ञात लोगों के द्वारा जगह-जगह पर अवैध बालू भंडारण पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने बताया कि अवैध बालू भंडारण मामले में प्राथमिकी दर्ज कर करवायी जा रही है।

## गायत्री शक्तिपीठ परिसर में 12 घंटे का विश्व कल्याण के लिए अखंड जाप का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पूर्व रविवार को सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक 12 घंटे का गायत्री महामंत्र से विश्व कल्याण के निमित अखंड जाप किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुषों ने भाग लिया। इसकी जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 7:30 बजे से विधिवत हवन, पूजन, यज्ञ एवं गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महायज्ञ के दौरान पहुंचने वाले गायत्री परिजनों को कई पालियों में बैठा कर यज्ञ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के बाद 11:30 बजे पूर्णाहुति होगी तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वह कार्यक्रम में सहभाग कर प्रसाद ग्रहण अवश्य करें। मौके पर राम प्रसाद कमलापुरी, जोखू प्रसाद, ललसू राम, अनिल लाल अग्रवाल, रवि प्रकाश, राजेश जायसवाल, शुभम जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, अखौरी प्रसाद ज्योति, उपेंद्र मेहता, डॉ सतीश कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गुरु के माध्यम से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है : श्री जीयर स्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता

**स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए लोगों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया**



**बंशीधर नगर।** पाल्हे में यज्ञ स्थल पर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए लोगों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि पौराणिक काल के महान व्यक्तित्व, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास जी का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था। वो आदि-गुरु माने जाते हैं। गुरु पूर्णिमा का यह प्रसिद्ध त्यौहार व्यास जी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। सही मार्ग पर ले जाते हैं और जीवन में अध्यात्म और कर्म का नीति-अनीति का बोध करवाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान शिव और माता पार्वती की भी पूजा की जाती है।

आदि अनादि काल से ही गुरु शिष्य की परंपरा चलती आ रही है आज के दिन गुरु की पूजा की जाती है उनके आचरण को अपने जीवन में उतारने का सही प्रयास करना चाहिए। गुरु ईश्वर का ही प्रतिबिंब होता है गुरु के आदर्शों पर चलने पर साक्षात परमात्मा की प्राप्ति होती है। जिस व्यक्ति के जीवन में सच्चे गुरु का दर्शन हो जाए बस समझो उसके जीवन की नैया पार हो गई। उसके जीवन के सारी परेशानियां समाप्त हो गईं। और हरि का दर्शन हो गया। प्रत्येक शिष्य का कर्तव्य है कि अपने गुरु के बताए हुए मार्ग पर चले। गलत मार्गों को छोड़े। गुरु के मान सम्मान को बढ़ावे तभी कोई शिष्य कहलाने का हकदार है। अगर गुरु सही मार्ग पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं और बीच में भटकाव हो जा रहा है तो फिर गुरु पूजा का कोई महत्व नहीं रह पाएगा। गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलने से परमेश्वर की प्राप्ति हो सकती है। यज्ञ स्थल पर गुरु पूर्णिमा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश आदि जगहों से काफी संख्या में लोग स्वामी जी के दर्शन करने हेतु आने वाले हैं। जिसमें यज्ञ समिति की तरफ से व्यापक स्तर पर प्रसाद की व्यवस्था की गई है। भोजपुर बक्सर से भी काफी संख्या में लोग स्वामी जी के दर्शन हेतु आ रहे हैं।

# हर-घर नल-जल योजना के तहत हो रहे कार्य में बरती जा रही लापरवाही

**पीसीसी सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के बाद टूटी हुई जगह को धूल और मिट्टी से ही उसे ढक दिया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में हर-घर, नल- जल योजना के तहत हो रहे कार्य में लापरवाही एवं घोर अनियमितता बरती जा रही है। पाइप लाइन का घर-घर कनेक्शन देने के लिए नियमों की अनदेखी कर लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई जा रही है। ऐसा ही मामला परसोडीह पंचायत का है।

यहां पर पाइपलाइन कार्य करा रहे अरविंद मेहता के द्वारा बगैर साइड इंजीनियर की उपस्थिति में जैसे-तैसे कार्य कराया जा रहा है। पाइपलाइन का कनेक्शन देने के लिये 14वें, 15वें एवं विधायक मद से बने पीसीसी को वाइब्रेटर मशीन से हर 10-10 फीट की दूरी पर सड़क को इस पार से उस पार तक काट दिया जा रहा है। इसके बाद इस एक छोर से दूसरे छोर तक घरों में पाइप बिछाया जा रहा है। संवेदक के द्वारा सैकड़ों जगहों पर पीसीसी को इस पार से उस पार तक तीन से चार इंच तक तोड़कर पाइप लाइन बिछाने के बाद महज 2 इंच तक टूटी हुई जगह को धूल और मिट्टी से ही उसे ढक दिया जा रहा है। ऐसे में जहां एक ओर सरकार की नई योजनाओं के तहत लोगों को पानी के लिए कनेक्शन दिया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीण सड़कों को बुरी तरह से तोड़ दिया जा रहा है। जब इसका स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है तो पाइप लाइन का कार्य कर रहे अरविंद मेहता के द्वारा वैसे लोगों को कनेक्शन से ही वंचित रख दिया जा रहा है। इसकी शिकायत पर जब मीडिया कर्मी उक्त गांव में पहुंचे और दूरभाष पर साइड इंजीनियर कमलेश वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यदि ऐसा है तो कुछ दिनों के बाद हम लोगों के द्वारा उसे सीमेंट से भरकर सड़क को ठीक कर दिया जायेगा।

## मंत्री की पहल पर गढ़वा विस क्षेत्र में 11 हाइमास्ट लाइट लगायेगा ग्रासिम इंडस्ट्रीज

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 11 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाएगी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से आदित्य बिड़ला ग्रुप के ग्रासिम इंडस्ट्रीज की सीएसआर फंड से यह हाई मास्ट लाइट लगाया जा रही है। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज अपने सीएसआर फंड से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत तिलदाग पंचायत के तिलदाग मोड़, चिरौंजिया पंचायत के ब्रह्मा स्थान खजूरी, बेलचंपा में एसआईएस मोड़ बेलचंपा, प्रतापपुर पंचायत में पतसा चौक, महुलिया पंचायत के पचपड़वा बाजार में, मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा पंचायत के पचफेड़ी मोड़, चेचरिया पंचायत के अटौला बस स्टैंड चौक, दुलदुलवा पंचायत के पेशका बाजार में, डंडा प्रखंड अंतर्गत डंडा पंचायत के गुलर मोड़ (फूलन देवी चौक), रंका प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत के गोदरमाना बजरंग चौक तथा रमकंडा प्रखंड अंतर्गत उदयपुर पंचायत के उदयपुर बाजार चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से प्रथम चरण में इन स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगायी जा रही है। जबकि अगले चरण में अन्य स्थानों पर लगायी जाएगी। मंत्री ने कहा कि सभी इंडस्ट्री एवं बड़ी-बड़ी संस्थानों के पास उनके क्षेत्र में विकास एवं सार्वजनिक कार्य करने के लिए सीएसआर फंड होता है। पूर्व में स्थानीय संस्थानों के इस फंड का उपयोग हुआ या नहीं हुआ, यह किसी को पता भी नहीं चलता था। परंतु अब स्थानीय संस्थानों की ओर से सीएसआर फंड का सदुपयोग कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में विकास का नया कार्य हो रहा है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## केतार मुखिया ने श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को किया सहयोग

**केतार (आजाद सिपाही)।** ग्राम पंचायत केतार निवासी जोखन चौधरी की माता के निधन पर मुखिया प्रमोद कुमार ने श्राद्ध कर्म के लिए आवश्यक सामग्री पहुंचायी। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि जोखन चौधरी की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी है, घर में विधवा महिला का कोई सहारा नहीं है। इसको देखते हुए चावल, आटा, रिफाइन तेल, चीनी इत्यादि भोज की सामग्री दी है, ताकि जोखन की मां का श्राद्ध कार्यक्रम सही से हो सके।

## 'आइएमए कॉलेज ऑफ जेनरल प्रैक्टिशनर' झारखंड पदाधिकारियों का चयन, डॉ निशांत बने वित्त सचिव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** इंडियन मेडिकल एसोसियेशन, झारखंड स्टेट की एक्जीक्यूटिव मीटिंग में आईएमए झारखंड के विभिन्न विभाग का पुनर्गठन किया गया। इस मीटिंग में 'आईएमए कॉलेज ऑफ जेनरल प्रैक्टिशनर' झारखण्ड राज्य, वर्ष 2023-24 के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके चेयरमैन डॉ रजत चक्रवर्ती हजारीबाग से एवं सचिव डॉ सुशील कुमार धनबाद से चयनित किए गए। डॉक्टर अजीत सहाय, रांची से को वाइस चेयरमैन चयनित किया गया। गढ़वा जिले से डॉ कुमार निशांत सिंह को वित्त सचिव का कार्यभार दिया गया है। इसकी जानकारी आईएमए, झारखंड के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह एवं सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन

**केतार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में विगत दो वर्ष का लेखा जोखा के साथ विद्यालय विकास की चर्चा की गई। विद्या भारती मेदिनीनगर प्रमंडल निरीक्षक नीरज लाल ने विद्यालय में हुए विकास कार्य की सराहना की। मेदिनीनगर प्रमंडल निरीक्षक नीरज लाल पुरानी समिति की उपस्थिति में दो वर्षीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः रामविचार साहू को अध्यक्ष, बिनोद प्रसाद को उपाध्यक्ष, प्रमोद मेहता को सचिव, अक्षयवट वैद्य को उपसचिव, गोपाल विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, ब्रजेंद्र कुमार सिंह व नंदकुमार प्रजापति को संरक्षक, महेंद्र विश्वकर्मा, गीता देवी, जयमाल प्रसाद, निरंजन प्रसाद, विजय गुप्ता, राकेश सिंह, कुमार सूर्या को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, धनन्जय विश्वकर्मा, अरविंद प्रताप सैंगर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** योग शिविर के साथ लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के नये सत्र लायनेस्टिक ईयर 2023-24 का आगाज

# लायंस क्लब गढ़वा सिटी के सदस्यों को कराया गया योगाभ्यास

**निवर्तमान अध्यक्ष के नेतृत्व में मेलोडी मंडपम में प्रत्येक रविवार को होगा योग शिविर का आयोजन**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के नए सत्र लायनेस्टिक ईयर 2023-24 का आगाज आज दिनांक 2 जुलाई 23 को अहले सुबह 5.30 बजे मेलोडी मंडपम में योग शिविर का आयोजन के साथ किया गया।

यह शिविर पतंजलि योग संस्था के कुशल योग गुरु रास विहारी तिवारी एवं नागेंद्र तिवारी के द्वारा प्रारंभ कराया गया। इस योग शिविर का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर के किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पूर्व अध्यक्ष सह चिरपरिचित चिकित्सक डा. ज्वाला प्रसाद सिंह थे तथा लायंस क्लब गढ़वा सिटी के निवर्तमान अध्यक्ष लायन सुशील केशरी के नेतृत्व में लायंस क्लब गढ़वा सिटी के सदस्यगणों को योग का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में लायन सदस्य दीपक कुमार केशरी, लायन शिव कुमार गुप्ता, रजनी गुप्ता, किरण गुप्ता, लायन सुनील कुमार कुशवाहा, लायन लखन प्रसाद कश्यप, पूर्व सचिव लायन राम नारायण प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष राजमणि प्रसाद तथा मेलोडी मंडपम के संस्थापक सह लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दया शंकर गुप्ता ने योगाभ्यास किया। इनके अतिरिक्त पतंजलि योग संस्थान के स्थानीय साधक भी शामिल हुए। यह योग का कार्यक्रम एक घंटे के अंतराल तक चला।

ज्ञात हो कि लायंस क्लब गढ़वा सिटी के निवर्तमान अध्यक्ष लायन सुशील कुमार के नेतृत्व में उक्त योग शिविर का आयोजन इसी मेलोडी मंडपम में प्रत्येक रविवार को निर्धारित समय प्रातः 5.30 बजे किया जायेगा।

इस योग शिविर के प्रारंभिक काल में योग से संबंधित लायन राजमणि प्रसाद, लायन सुनील कुमार कुशवाहा, साधक नागेंद्र तिवारी तथा डा. ज्वाला प्रसाद सिंह ने अपना वक्तव्य दिया।

मंच का संचालन मेलोडी मंडपम के संस्थापक सह सिटी के वरिष्ठ सदस्य लायन दया शंकर गुप्ता ने किया।

## वज्रपात की चपेट में आने से युवती की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर में वजपात की चपेट में आने से खैरूलवारा खान की पुत्री शमीमा खातून की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शमीमा घर में काम कर रही थी उसी दौरान हल्की बारिश के बीच वज्रपात से शमीमा बेहोश हो गई। इलाज के लिए ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद ने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन से मिलने वाले सरकारी लाभ उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
08

## अड़की प्रखंड के सिदरी-महुआडीह में भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन आयोजित

# केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें लाभुक : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** अड़की प्रखंड के सिदरी महुआडीह में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद थे। जिनका कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद दीपक प्रकाश ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विकास के लिए समर्पित रहा। जिसकी चर्चा देश ही नहीं, विदेशों में भी हो रही है। सांसद ने मोदी सरकार की देश से विदेश तक की गई उपलब्धियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उन्होंने जनता के बीच जाकर उन्हें भी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने की अपील की। लगे हाथ लोगों से कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जनता अधिक से अधिक लाभ उठाए। कार्यक्रम का संचालन एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय मुंडा ने किया। इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य विनोद राय, मंडल अध्यक्ष मोती पातर, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता मुंडा, प्रखंड महामंत्री मनोज साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश महतो, वरिष्ठ नेता परता मुंडा, गणपति तिवारी, अशोक प्रमाणिक, चैतन पुराण, श्रवण मुंडा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश का स्वागत करते लोग।

# अटूट श्रद्धा का केंद्र है रंगरोड़ी धाम की गुफा में विराजमान शिवलिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** वैसे तो भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी देवी मंदिर सोनपुर गढ़, माता सोनमेर मंदिर, पाट पहाड़ कर्रा सहित कई धार्मिक स्थल हैं, पर इनमें बहुत कम ऐसे हैं, जहां आस्था के साथ ही मनोरम, घने जंगल और नदी, गुफा आदि का आनंद एक साथ लोगों को मिलता हो। जिले की मुरही पंचायत के बड़ा बारू का रंगरोड़ी धाम सैकड़ों वर्षों से लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर और हुटार से आठ किलोमीटर पूर्व की ओर घने जंगलों के बीच कांची नदी के किनारे एक गुफा के अंदर स्थित शिवलिंग के दर्शन करने से एक अलग सुखद अनुभूति होती है। गुफा से अनवरत गिरता झरना बाबा भोलेनाथ का हर समय जलाभिषेक करता रहता है। यह झरना कभी नहीं सूखता। बाबा औघड़दानी भोलेनाथ की पूजा के लिए भक्तों को अत्यंत संकरे रास्ते से गुफा में उतरना पड़ता है और पानी में खड़ा होकर भक्तों को पूजा-अर्चना करनी पड़ती है। सावन के महीने में तो सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का यहां तांता लगता है। 14 जनवरी को रंगरोड़ी धामें में विशाल टुसू मेला लगता है, जहां दर्जनों गांवों के लोग अपने नृत्य दल आकर्षक चौड़ल के साथ भाग लेते है। मंदिर के पुजारी बिशु पाहन बताते हैं कि रंगरोड़ गांव में एक महिला शिव की हर रोज आराधना करती थी। एक दिन उन्हें सपने में उसने गुफा में शिवलिंग के दर्शन किये। सुबह महिला ने इस गुफा में शिवलिंग को देखा और तब से यहां हर दिन भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए भक्त पहुंचते हैं। गुफा के पास ही चट्टानों पर बना एक स्वनर्मित जलकुंड है। पुजारी बिशु पाहन बताते हैं कि भीषण गर्मी में भी यह जलकुंड कभी नहीं सूखता।

### अर्जुन मुंडा ने की पहल, अब होगा कायाकल्प



केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने जनता की मांग पर रंगरोड़ी धाम के विकास की पहल की है। दो दिन पहले डीडीसी नीतीश कुमार सिंह और जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने रंगरोड़ी धाम का दौरा कर विकास की संभावना पर चर्चा की थी। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि रंगरोड़ी धाम का विकास पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैलानियों के आने से इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# एसएसबी के जवानों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26 वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश और उनके नेतृत्व में जवानों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिश। 26वीं वाहिनी एसएसबी एफ कंपनी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय और जवानों ने हूंट और खूंटी-तमाड़ रोड के किनारे व आसपास के इलाके में 450 छायादार और फलदार पौधे लगाए। सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि जुलाई महीने में एसएसबी हूंट के कार्य क्षेत्र में लगभग 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य है।



# रांची लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय व्यक्तियों को ही मिले सांसद का टिकट : डॉ अमर चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय पिलिद में रविवार को एक दिवसीय चिंतिन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित रांची विश्वविधालय के पूर्व रेजिस्ट्रर सह प्रोपेसर अमर कुमार चौधरी ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र से किसी भी राजनितिक पार्टी का टिकट स्थानीय व्यक्तियों को ही मिलना चाहिए। अगर स्थानीय व्यक्तियों को टिकट नहीं मिलता है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उम्मीदवार को गांव तक घुसने नहीं दिया जाएगा। क्योंकि स्थानीय ही क्षेत्र का दुःख दर्द समझ सकता है और क्षेत्र का विकास कर सकता है। बाहरी व्यक्ति एक बार जीतने के बाद क्षेत्र में दिखाई भी नहीं देते है। चिंतिन शिविर में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से क्षेत्र की समस्यायों से अवगत हुए और उनका जल्द से जल्द निदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व शिक्षक योगेंद्र नाथ महतो, कमला कांत महतो, वृंदावन महतो, गुरुचरण महतो, नेहरू महतो, शिवचरण महतो, रेणुका प्रसाद महतो, परशुराम महतो, गोपेश कुमार महतो, दिलीप दास आदि उपस्थित थे।

# वाहन दुर्घटना में घायल अधेड़ ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तपकरा थाना क्षेत्र के कमड़ा आनंदपुर के पास शनिवार को वाहन के धक्के से घायल 55 वर्षीय जोहन सुरीन की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जोहन सुरीन शनिवार की शाम तपकरा साप्ताहिक हाट से अपने घर लौट रहे थे। आनंदपुर के पास रास्ता पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है।

# बुंडू किसान कॉलेज में इंटर के तीनों संकाय में नामांकन आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** पांच परगना स्थित बुंडू किसान कॉलेज में इंटर के तीनों संकाय में सोमवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कॉलेज के इंटर इकाई के प्रभारी डॉ राधा रामन साहू ने बताया कि साइंस और कॉमर्स में छात्रों का सीधे नामांकन लिया जाएगा। जबकि आर्ट्स के नामांकन में प्रथम श्रेणी लाने वाले छात्रों को सीधा नामांकन होगा। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के गरीब छात्रों को कम शुःल्क में नामांकन करने की व्यवस्था की गई है।

# जेआइआइटी में हुआ कंप्यूटर दक्षता परीक्षा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा रोड, खूंटीटोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कम्प्यूटर सेंटर में रविवार को छह माह का डिप्लोमा कम्प्यूटर कोर्स पूरा करनेवाले विद्यार्थियों के लिए दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 87 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर संचालक वीरेंद्र नाग ने कम्प्यूटर परीक्षा में भाग लेनेवाले सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि परीक्षा का उद्देश्य यही है कि जो विद्यार्थी कमजोर हैं, उनको चिह्नित कर उन्हें फिर से निःशुल्क कम्प्यूटर पढ़ाया जायेगा। बताया गया कि न्यूनतम शुल्क में डिप्लोमा कोर्स के बाद विद्यार्थियों के लिए और भी कई कोर्स हैं। आगे का कोर्स करनेवालों फीस में विशेष छूट दी जाएगी। पढ़ने में इच्छुक अनाथ, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर और एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को मुफ्त में शिक्ष दी जाएगी। इस मौके पर शिक्षिका मोनी रानी, पुनिता कुमारी, सुभाषा राम, अभिनव कुमार, गणेश स्वांसी, अमीत, रेणु कुमारी, रिया रानी आदि उपस्थित थे।

# निःशुल्क स्टूडेंट्स बस सेवा के लिए कॉलेज के 225 छात्र-छात्राओं ने कराया रजिस्ट्रेशन


निःशुल्क बस सेवा के लिए रजिस्ट्रेशन कराती छात्रा।



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो की ओर से कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिये निःशुल्क बस सेवा चालू किया जाना है। कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिये रोजाना सुबह टांगटांग चौक से बस खुलेगी जो जाड़ेया, जामुदाग, सोनाहातू होते हुए बुंडू और रांची जायेगी। रविवार-सोमवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय और बारेंदा पंचायत सचिवालय में रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में रविवार को पहले दिन 225 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। बारेंदा में 106 और सोनाहातू मुख्यालय में 119 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद बस का पास निर्गत किया जायेगा। जिसके माध्यम से विद्यार्थी प्रतिदिन बुंडू या रांची जाकर पढ़ाई कर सकते है। रजिस्ट्रेशन कैंप में पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो, जिला प्रवक्ता श्याम कुमार महतो, अशोक महतो, विपिन महतो, गणेश तिवारी, बसंत महतो, सुषेण प्रमाणिक, रुपकुमार साहु, बसन्त मंडल, नवीन कुमार महतो, जिस्ट्रेशन अधिकारी के रूप में जाफर जावेद, शादा अख्तर, मो. अहमद, रीतिक आदि मौजूद थे।

# सरकार की रोक के बावजूद बुंडू में जारी है अवैध बालू का कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** झारखंड सरकार के रोक के बावजूद बुंडू क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार जोर शोर से जारी है। शाम होते ही ट्रैक्टर में बालू भर कर आपूर्तिक की जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर नगर पंचायत के चौक-चौराहे से होते हुए गुजरते हैं। जहां बुंडू थाना की ओर से प्रत्येक चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। बावजूद इसके इन ट्रैक्टरों पर प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है। बतातें चलें कि हेमंत सरकार 15 जून से अक्टूबर तक नदी से बालू उठाव पर रोक लगाया हुआ है। लेकिन रात के अंधेरे में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।



# 10वीं-12वीं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पातर मुंडा समाज की ओर से राजबाड़ी प्रांगण तमाड़ में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हरिहर सिंह मुंडा, गिरेंद्र टूटी और कुमार महेंद्र नाथ सहदेव भी थे। इसमें पातर मुंडा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिकीम सिंह मुंडा, गोविंदा मुंडा, सुखराम मुंडा, संतोष मुंडा, अनिता नाग और सीता देवी आदि मौजूद थे।

# परिणय सूत्र में बंधे समाजसेवी गणेश



**तमाड़। (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सलगाडीह सारजमडीह गांव निवासी समाजसेवी गणेश सिंह मुंडा रविवार को परिणय सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए कई लोग उपस्थित हुए थे। मौके पर माकपा राज्य कमेटी सदस्य सह तमाड विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा पहुंचे भी पहुंचे और आशीर्वाद दिया।

# बुंडू में इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने संभाला पदभार

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना में रविवार को नये थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने पूर्व थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण से पदभार ग्रहण किया। जबकि पंकज भूषण का तबादला जिला मुख्यालय में किया गया है। नये थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कामय करने, अपराध मुक्त माहौल और आम लोगों के साथ सद्भावना उनकी प्राथमिकता में होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि थाने में किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे निःसंकोच थाने में संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस मित्र की तरह उनकी हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तैयार मिलेगी। लगे हाथ अपराझ सख्ती से अंकुश लगाने की बात कही।

## तोरपा सुपर किंग को हरा कर राजकला इलेवन की टीम बनी विजेता

# खेल में पराजय से भविष्य में जीतने की मिलती है प्रेरणा : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राजकलां के खिलाड़ी बल्लू की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत राजकलां-11 ने तोरपा सुपर किंग को 63 रन से पराजित कर तोरपा प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। तोरपा के सागवान मैदान में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीत कर राजकलां-11 की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 218 रन का बड़ा लक्ष्य दिया था। जवाबी पारी खेलने उतरी तोरपा सुपर किंग की टीम 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी। पहले खेलते हुए राजकलां-11 की टीम के प्रवीण कुमार उर्फ बल्लू ने 49 गेंद में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 12 चौके और आठ छक्के की मदद से 113 रन बनाए। इसकी बदौलत 218 रन बनाया। जबकि सुपर किंग की ओर से अनीश होरो एकमात्र सफल खिलड़ी रहे, जिन्होंने 72 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में बल्लू ने दो विकेट झटके। फाइनल मुकाबले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कोचे मुंडा, जेएससीए सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कर, पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी मनीष कुमार, जेएससीए मैनेजिंग केमटी मेंबर मिहिर प्रीतेश तोपनो, अवधेश कश्यप, केडीसीए कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन, उपाध्यक्ष प्रवीण गोप, सह सचिव देवा हस्सा सहित कई लोग मौजूद थे। विधायक ने कहा कि खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखता है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हार-जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। खेलकूद के जरिए खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है। खिलाड़ी इमानदारी से खेलें और अपने शहर व देश का नाम रोशन करें। विधायक ने कहा कि जहां उनकी जरूरत हो, हमेशा साथ खड़े रहेंगें। कार्यक्रम में विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियो द्वारा ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर उनकी हौसला आफजाई भी की।




### अनीश होरो बने मैन ऑफ द सीरीज

टीपीएल के इस सीजन में तोरपा सुपर किंग के अनीश होरो जिसने सर्वाधिक 425 रन बनाये, जिसमें 41 छक्के शामिल हैं, को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। वेस्ट बॉलर का खिताब अनिल डांग को मिला, जिसने 11 विकेट लिए। वेस्ट फील्डर अंकित गोप को दिया गया। साथ ही फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच प्रवीण कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका विपिन कर और सूरज साहू ने निभाई। संचालन अभिषेक राय व दीपक तिग्गा ने किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# आजसू पार्टी ने मिशन 2024 की तैयारियों पर की चर्चा




**विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले लोगों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के दिशा-निर्देश पर रविवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में आजसू पार्टी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आजसू के वरिष्ठ नेता सज्जाद आलम एवं विरेन्द्र सिंह भोगता की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में आजसू के केन्द्रीय सचिव व जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सिंह भोगता एवं आजसू के जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुण्डा शामिल हुए। मौके पर नेताओं ने कहा कि आजसू पार्टी मिशन 2024 को लेकर तैयारियों में जुट गई है।

इससे पहले पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने के अलावा जनता के बीच राज्य सरकार के झूठ और लूट के विषय के साथ जाएगी। बताया गया कि यह वर्ष पार्टी के लिए संगठनात्मक तौर पर निर्माण का वर्ष है। बूथ स्तर पर चूल्हा प्रमुख तैयार किए गये हैं। कहा गया कि स्थानीय और नियोजन नीति जैसे विषयों पर भी आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती आयी है। वर्तमान सरकार ने स्थानीय नीति का जो हस्त्र किया है वह सब देख रहे हैं। आजसू पार्टी 1932 खतियान के आधार पर ही स्थानीय नीति तय किए जाने की मांग पर बनी है। आजसू पार्टी आगामी 2024 चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। संगठन की मजबूती से ही राज्य का विकास तय है।

इस अवसर पर विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्षता सज्जाद आलम ने तथा संचालन रोशनलाल मुण्डा ने किया।

# लोकहित अधिकार पार्टी के हरिनाथ साहू ने कांके में चलाया सदस्यता अभियान



**कांके (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिनाथ साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रांची लोकसभा अंतर्गत कांके विधानसभा के कई गांवों सुकुरहुट्टू, चिरौंदी, होचर, सांगा सियार टोली, अरसंडे, कांके रोड के कई क्षेत्रों में सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान के तहत पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। हरिनाथ साहू ने बताया कि झारखंड प्रदेश में खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति, निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने, जाति आधारित जनगणना कराने, जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी मिले भागीदारी आरक्षण एवं संविधान के समर्थन के साथ निजीकरण के खिलाफ पार्टी सिद्धांतों को लोगों को बताते हुए ग्रामीण महिला-पुरुषों और युवाओं के बीच सदस्यता अभियान चलाया गया। हरिनाथ साहू के साथ दर्जनों महिला-पुरुष और पार्टी के कार्यकर्ता साथ थे।

# इटकी मोड़ में भव्य श्री दुर्गा मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर



**इटकी (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी मोड़ में दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंदिर कार्य लिंटन ढलाई तक पूरा हो चुका है। मंदिर का निर्माण कार्य अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि लाखों की लागत से बन रहे भव्य मंदिर की लम्बाई 31 फीट और चौड़ाई 30 फीट है। जबकि मंदिर के तीन गुबंद होंगे जिसमें मुख्य गुबंद की उंचाई 31 फीट और दो का 25, 25 फीट का होगा। उन्होंने इच्छुक श्रदालुओं से आग्रह किया है कि मंदिर परिसर पहुंच कर सहयोग राशि दान कर सकते हैं।

# जैलेंद्र कुमार ने हरातू में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टी-10 टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**सिकीदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकीदिरी के हरातू में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टी-10 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच का मुकाबला जसपुर बनाम रोहनडीह के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। मैच में जसपुर के टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाए। वहीं रोहन डी 9.1 ओवर में 7 विकेट से विजयी रहे। मैच में देव यादव हैट्रिक छक्का सहित 10 छक्के लगाए और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैन ऑफ द सीरीज पवन यादव। जिसमें रोहनडीह की टीम पांच गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से जीत कर चैंपियन बनी। विजेता और उपविजेता टीम को नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में जलनाथ चौधरी, उपप्रमुख नामकुम, राजेंद्र बेदिया मुखिया हरातु पंचायत उनके साथ में शिवधर रजवार, जीतू महतो प्रकाश यादव मंच पर उपस्थित थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष पवन कुमार महतो, सचिव नरेश महतो, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, सदस्य इरफान खान, किशोर मुंडा, विजय करमाली, पिन्टू मुन्डा टूर्नामेंट को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।

**कार्यक्रम : अनगड़ा में जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

# मजबूत संगठन ही पार्टी की जीत को सुनिश्चित करता है: सतीश पॉल मुंजनी

**संगठन का किया गया विस्तार, दर्जनों युवकों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** डाक बंगला अनगड़ा में रविवार को रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल स्वांसी की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश युवा कांग्रेस सह जिला ग्रामीण प्रभारी फहद खान, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ मुण्डा आदि उपस्थित हुए। सम्मेलन में मुख्य रूप से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती देने पर चर्चा करते हुए आगामी 2024 के लिए अभी से तैयारी में जुट जाने का आहवान कार्यकर्ताओं से किया गया।

सम्मेलन के दौरान जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया गया। वहीं दर्जनों युवकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विस्तारित कमेटी में जिला उपाध्यक्ष रिसू कुजूर, अमित खलखो, महासचिव हसीब अंसारी, सदाम अंसारी, सचिव संतोष नायक, संजय एक्का, राजेन्द्र कच्छप, आमंत्रित सदस्य रामभजन सिंह मुण्डा, श्याम मुण्डा, हसीब शाह, एनामुल अंसारी, मंगरा उरांव, रोहित सिंह एवं सिद्दीक अंसारी बनाए गये। इस दौरान अनगड़ा प्रखंड युवा कमेटी का भी विस्तार किया गया जिसमें उपाध्यक्ष मनोहर पहान, संजय महली, सचिव बिरसा उरांव, महासचिव वासिद खान एवं नौशाद अंसारी चुने गये।

मौके पर सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की जीत को सुनिश्चित करता है। संगठन में ही ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए काम करने की अपील की। फहद खान ने कहा कि अगला चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने सभी तरह के भेदभाव को भुलाकर कांग्रेसजनों से एकजुट होने का आग्रह किया।

सम्मेलन में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नारायण मुण्डा, जिला सचिव विश्राम महतो, मुन्ना मुण्डा, मिनहाज आलम, बरतु मुण्डा, सुरेश कुमार, समशाद अंसारी, मुमताज खान, रिझना करमाली, किष्टो कुजूर, जगन लिण्डा, राजकुमार महली, अंजन गंझु, एकरामूल अंसारी, अताउल अंसारी, गुडू अंसारी, परवेज खान, अरशद खान, पालू खान, कांदा मुण्डा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे और मंच संचालन सचिव विकास पांडेय ने किया।

बैठक में उपस्थित सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, सचिव और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान झारखंड सरकार के वादा खिलाफी के विरुद्ध रोष जताया गया। मौके पर जॉन पीटर बागे ने कहा कि सरकार चुनाव पूर्व किये गये अपने वादा को भूल गयी है। सरकार के कार्यकाल का चार वर्ष पूरा होने पर है, पर अभी तक सरकार अपने वादे को पूरा नहीं कर सकीं है। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सरकार की मंसा साफ नहीं है। मनरेगा कर्मियों को सरकार छलने का काम कर रही है। कहा कि अब अपनी मांगों को लेकर संघ चरणबद्ध आंदोलन करेगा। सरकार 2024 के चुनाव की तैयारी कर रही हैं, हम भी 2024 की तैयारी कर रहे है। अब हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। 16 वर्ष सेवा हमने भी ग्रामीण विकास विभाग को दिया, पर हमारी भविष्य सुरक्षित नही है। बसंत सिंह ने कहा कि पूरे एक वर्ष का कार्य योजना तैयार किया जाये। सरकार से मांगने से ये देने वाली नहीं है। इससे लड़ कर लेना पड़ेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि हमेसा से सरकार ने मनरेगा कर्मियों को छलने का काम किया है। हमलोगों ने कई बार अपनी मांगों को सरकार के पास रखने का प्रयास किया, पर सरकार सुसुप्त अवस्था में चली गयी है। बैठक के दौरान झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ द्वारा पूरे प्रदेश में सरकार के बेरुखी और वादा खिलाफी का पर्चा आम जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

23 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना और मुख्यमंत्री के नाम उपयुक्त को मांग पत्र देने, 20 अगस्त से 31 अगस्त तक सभी केबिनेट मंत्री के आवास का घेराव करने, 18 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने, 10 अक्टूबर को ग्रामीण विकास मंत्री के आवास पर घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम करने एवं इसके उपरांत हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया।

# ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा सांगा मैदान चेटे में सेवानिवृत्त सैनिक सम्मान समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** झारखंड प्रदेश आदिवासी सेना के तत्वावधान में रविवार को ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा सांगा मैदान चेटे में सेवानिवृत्त सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त सैनिकों को झारखंड की परंपरागत ढोल नगाड़े की धुन पर स्वागत किया गयाष। इसके बाद सभी को मंचासीन कर अजय कच्छप के द्वारा गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि हमलोग देश में चैन से जीवन व्यतीत कर रहे हैं तो उसमें सैनिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। ये सैनिक दिन-रात पहाड़ों और जंगलों में देश के लिये खड़ा रहते हैं और देश की रक्षा में हमेशा तैयार रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि देश सेवा में जीवन व्यतीत कर अपनी कुशलता पूर्वक जीवन यापन कर रहे सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मानित कर आदिवासी सेना गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने मंच के माध्यम से तमाम समाज के लोगों से आग्रह किया कि हमें नशा पान से दूर रहकर समाज में शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। सेवानिवृत्त कर्मचारी सदस्यों से उन्होंने आह्वान किया कि समाज से जुड़कर आज के युवा पीढ़ी को नशा व गलत रास्ते में जाने से रोकने के लिए खेलकूद, कला-संस्कृति से जोड़कर युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक कर शिक्षित करना होगा।

इस अवसर पर एनएन तिर्की, एसएन लिंडा, मंगल कच्छप, रामप्रसाद मुंडा, बिश्वा तिर्की, लुक्ष्मण, महादेव, मदन कुजूर, बिरसा मुंडा, प्रकाश तिर्की, बिनोद कच्छप, सुशील लिंडा, सुखेर कच्छप, बिरसा तिग्गा, महादेव केरकेट्टा, अशोक केरकेट्टा, सोबनाथ लिंडा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में चेटे मुखिया रेणु बाला मिंज, रामा महली, मंशा बड़ाईक, सुमन लोहरा, रामा महली, मानू तिग्गा, विजय कच्छप, रविन्द्र तिर्की, सुखदास मुण्डा, झीलमनी लोहरा, रानी मिंज, किरण कच्छप, रुपचंद केवट, प्रभात तिर्की, आदिवासी लोहरा, बुधु लोहरा, गणेश मिर्धा, बालमुकुंद मिर्धा, वार्ड सदस्य शनि उरांव, अमीत तिर्की, गंदुरा उरांव सहित सैकड़ों लोगों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में आदिवासी सेना ने दर्जनों कार्यकर्ता सहित नाचियातू, सिठियो चेटे, कुबांटोली, हल्हू सहित कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है महादानी बाबा मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** रांची जिले के प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतेहासिक महादानी बाबा मंदिर शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है। इस ऐतिहासिक मंदिर के बारे में झारखंड के लोगों को बहुत कम जानकारी है। इसका निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था। कुछ इतिहासकारों के अनुसार 1048 से 1100 ईसवी के बीच महादानी मंदिर की रचना हुई। भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर की अनुकृति में बना महादानी मंदिर में द्रविड़ व नागर शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। पौराणिक कथा व दंत कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने खुद अपने हाथों से महादानी मंदिर की रचना की है। पुरातत्वविदों के शोध पत्र में महादानी मंदिर का निर्माण पाल वंश के शासक धर्मपाल के शासन काल के दौरान बताया गया है। बेड़ो कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्वानों ने भी मंदिर की रचना पाल वंश के समय की बताया है।

जबकि यह आज भी शोध का विषय बना हुआ है। यहां जनजातीय समुदाय के द्वारा आदि देव महादेव शिव की पूजा और संबंधित परंपराओं का इतिहास है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां का पुजारी कोई पंडित न होकर गांव का पाहन है। जो आज भी आदिवासियों व स्थानीय लोगों के बीच महादानी मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास कायम है। यहां प्रत्येक वर्ष महादानी मंदिर में शिव को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाकर ही लोग नई फसल का उपयोग करते हैं। जहां आज भी जनजातिय समुदाय का आस्था व विश्वास इस मंदिर से जुड़ा है। प्रत्येक वर्ष यहां हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन होता है। इस दौरान हड़बोड़ी की परंपरा अनुसार पूजा अर्चना व पारंपरिक समाजिक नियम की अदायगी के बाद गांव के पहान की अगुवाई में ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, झंडा व दीप कलश के साथ शाम के समय में एक शोभायात्रा निकाली जाती है, जो आज भी प्रासंगिक है। हड़बोड़ी जतरा के पूर्व बेड़ो में घर-घर परंपरा के अनुसार लड्डू के नाम से नए चावल से पीठा बनाकर देवी- देवताओं को भोग लगाया जाता है। इसके बाद ही गांव के लोग नई फसल का उपयोग करते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# पूरा विश्व आज भारत का लोहा मान रहा है, मोदी के नौ साल बेमिसाल : संजय सेठ



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** संपर्क से संवाद कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सदमा के रोला जारा, टंडाहली में जन संपर्क अभियान चलाया गया। मोदी सरकार के द्वारा नौ सालों में किए गए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। सम्पर्क से संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरा आज भारत का लोहा मान रहा है। मोदी के नौ साल बेमिसाल साबित हुआ है। संपर्क से संवाद जनसंपर्क अभियान में सांसद संजय सेठ संग पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक, सदमा मुखिया सुनिल उरांव, रमेश बेदिया, नरेश साहू, अर्जुन साहू, विनोद साहू, धनंजय गोस्वामी, नीरज नायक, सिकंदर महतो, रूपेश प्रजापति, गंशू महतो, गोपाल बेदिया, राम लखन बेदिया, रविन्दर करमाली, विमल मुंडा, किशोर भंडारी, लाल मोहन करमाली, रामवृक्ष नायक आदि शामिल थे।

# नामकुम में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया 50 यूनिट रक्तदान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिशु मंदिर स्कूल चुटिया के समीप रविवार को श्रीराम सेना, कनेक्टिंग होप्स एवं मां तारा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से श्रीराम सेना के अध्यक्ष विकास जयसवाल और रांची के जाने माने जमाजसेवी भैरव सिंह उपस्थित थे। मौके पर विकास जयसवाल ने कहा कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्टोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिये अच्छी है। इस मौके पर श्रीराम सेना के द्वारा रक्तदान करने वाले वीरों को भगवा गमछा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं, रांची रिम्स अस्पताल की ओर से रक्तदान वीरों को सर्टिफिकेट दिया गया। विकास जयसवाल ने रक्तदान वीरों से कहा कि अगर उन्हें रक्त की जरुरत पड़ी तो कनेक्टिंग होप के सदस्यों से अपना परिचय बता कर ब्लड बैंक से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपेश पाठक, नीरज सिंह, विष्णु वर्मा, रवि राय, शेखर चौधरी, मनोज कुमार, राजेश कुमार, शिवम मोदी, मनोज सिन्हा, राजू, विक्रम एवं मां तारा वेलफेयर सोसाइटी की रितु सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।

# बेड़ो के पुरियो में ग्रामसभा का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत भवन पुरियो में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयराम कच्छप ने की। ग्रामसभा में प्रखंड प्रमुख सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विनीता कच्छप ने योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ग्रामसभा को मजबूत करने हेतु जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपने साथ कम से कम 10 लोगों को लेकर ग्रामसभा में आने की अपील की। इधर सभा में मुखिया नीरज कुजूर ने मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नौ दीदी बाड़ी योजना तथा एक आम बागवानी योजना का चयन किया गया। वहीं मौके पर उप मुखिया विजय उरांव, वार्ड सदस्य, टी.आर.आई.एफ से लक्ष्मी कुमारी व सुनील भगत समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# पद्मश्री सिमोन उरांव से मिलकर मांडर विधायक ने ली स्वास्थ्य की जानकारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को साईं मंदिर रोड बेड़ो स्थित आवास में पद्मश्री सिमोन उरांव, उनकी पत्नी बिरजीनिया उरांव व स्वजनों से मिलीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं विधायक ने पद्मश्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। ज्ञात हो कि पिछले दिनों पद्मश्री सिमोन उरांव को लकवा ग्रसित होने से चलने फिरने में असमर्थ हो गए थे। मौके पर विधायक ने कहा कि जल संरक्षण, पर्यावरण के साथ सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने तथा स्वशासन व्यवस्था की कड़ी के धरोहर सिमोन बाबा का जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करती हूं। उन्होंने कहा बाबा के इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, नवल किशोर सिंह, देवनिश तिग्गा, करमा उरांव, पिंकू खन्ना मौजूद थे।

## चेंबर की मांगों व परेशानियों को झारखंड की हेमंत सरकार तक पहुंचायेंगे : किशोर मंत्री

# पानी नहीं तो पीआइएलः आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की संयुक्त बैठक विवार को होटल ज्योति लोक सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने की। बैठक में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय शांडिल्य एवं झारखंड चेंबर के सचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष सुनील केडिया, शैलेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, पीआरओ ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी और रांची मुक्ति संस्थान के अध्यक्ष शह झारखंड चेंबर के एक्सक्यूटिव सदस्य प्रवीण लोहिया के अलावा स्थानीय व्यवसायिक संगठन के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, शहर के प्रसिद्ध


बैंठक में उपस्थित चेंबर के अधिकारी-पदाधिकारी व सदस्य।

व्यवसाई नवल तुलस्यान, लातेहार चेंबर के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, बंसीधर चेंबर, लेस्लीगंज चेंबर, मजगांव चेंबर, पांकी चेंबर व पलामू चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा आदि उपस्थित हुए और अपनी बातें रखीं। बैठक में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित प्रथम एजेंडा शहरी जलापूर्ति योजना के संबंध में निर्णय लिया गया कि एक बार झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक प्रतिनिधिमंडल पीएचडी मंत्री से मिलकर वार्ता करेंगे। वार्ता संतोषजनक नहीं होने पर पलामू चेंबर पीआइएल करेगा। वहीं, पलामू चेंबर कोषाध्यक्ष अनवर हुसैन ने पर्यटन पर बात रखते हुए कहा कि यह वर्ष टाइगर प्रोजेक्ट का 50वां वर्ष है। बेतला से नेतरहाट तक के रोड को टूरिस्ट जोन बनाने के लिए सरकार पहल करें, ताकि हमारे प्रमंडल का विकास हो सके। इसमें निर्णय लिया गया कि एक कमेटी झारखंड के राज्यपाल से भी मिलेगा। बैठक में एक्सक्यूटिव सदस्य फिरोज उद्दीन अंसारी ने उप राजधानी का मुद्दा भी उठाया और कहा सरकार के मेनिफेस्टो में डाल्टेनगंज, चाईबासा, हजारीबाग को उपराजधानी बनाने का संकल्प लिया गया था जिसे सरकार पूरा करें। खासकर पलामू जो चार राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड का संगम है। मेदिनीनगर पलामू का मुख्यालय उपराजधानी की सभी अहर्ता पूरा करता है। इस पर किशोर मंत्री ने सरकार से बात कर पहल करने का भरोसा दिलाया। वहीं, रंजीत मिश्रा ने बताया गया कि खासमहाल का दर अब तक अब तक नहीं किए जाने पर निंदा प्रस्ताव लाया जाए। साथी ही किशोर मंत्री को जवाबदेही दी गई कि पुनः सरकार से बात कर इसका निदान निकालेंगे। राजदेव उपाध्याय ने वंदे भारत ट्रेन के परिचालन पर विस्तृत चर्चा की और निर्णय लिया गया कि बनारस-रांची भाया डाल्टनगंज ट्रेन का परिचालन कराया जाए। बैठक में निलेश चंद्रा ने पलामू प्रमंडल मुख्यालय में हवाई सेवा शुरू करने पर बल दिया और कहा आज अगर हम तैयारी शुरू करेंगे तो कम से कम 3-4 साल सरकार को इस योजना को मूर्त रूप देने को लगेगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया चेंबर की कमेटी केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिलकर मांग रखेगा। राकेश कुमार ने इंडस्ट्रियल एस्टेट की भी मांग उठाई और कहा कि युवा पीढ़ी कार्य करना चाहते हैं पर जमीन नहीं इसे प्राथमिकता में पहल कर 100 एकड़ का इंडस्ट्रियल जोन मेदिनीनगर शहर के आसपास विकसित कराया जाए। बैठक में सहमति बनी कि झारखंड चेंबर एवं पलामू चेंबर की कमेटी रियाडा से मिलकर इस पर पहल करेगा। जबकि चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने बैंक की मनमानी एवं महिला हित में महिला वेंडर जोन की मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल ने की। इस मौके पर महिला चेंबर विंग की ममता सिन्हा, राखी, सोनी, कंचन गुप्ता, सचिव प्रियंका सिंघानिया, उपसचिव फरहा खान, कोषाध्यक्ष प्रियंका साहू सहित कई महिलाएं उद्यमी उपस्थित थे और अपनी बातें रखीं। झारखंड चेंबर के अध्यक्ष ने कहा कि पलामू चेंबर हमारा मजबूत अंग है इनके सभी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और यथासीघ्र निदान कराया जाएगा। आनंद शंकर ने कहा कि पानी के चलते लोगों का गर्मी में पलायन होने लगता है। अगर सरकार शहरी जलापूर्ति योजना एक माह के अंदर शुरू नहीं कराएगी तो पलामू चेंबर पीआइएल करेगा। रीजनल उपाध्यक्ष संजय शांडिल्य ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो देकर किया। साथ ही रंजीत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी व्यवसायिक संस्थान को बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया।

# सरकार विकास के लिए कृत संकल्पित : रामचंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को बकोरिया के कमारू उरांव टोला में पीसीसी रोड व हडही टोला में धुमकेडिया भवन का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि विधायक रहते उरांव टोला में ग्रेड वन रोड बनाया था। आज यहां पर मुख्यमंत्री विकास योजना से पीसीसी रोड बन रहा है। साथ ही हडही टोला आदिवासी बहुल क्षेत्र में कल्याण विभाग से धुमकेडिया भवन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व के विधायकों ने विकास के नाम पर सिर्फ छछलावा ही किया है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सरकार बनने के बाद दो साल कोरोना के चलते विकास कार्य थोड़ा प्रभावित रहा। कोरोना से निपटने के बाद झारखंड सरकार ने तेज गति से विकास कार्य किया है। कुछ लोग हैं ,जो सरकार के हर काम में अड़ंगा लगा रहे हैं पर उनके मनसुबों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। सरकार कृत संकल्पित है। यहां के लोगों के विकास के लिए सभी तरह के बलिदाव देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस की बंपर जीत पर कहा कि धर्म की राजनीति करके कब तक लोगों को मूर्ख बनाएंगे। लोग अपने हक अधिकार के लिए जागेंगे ही। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रमुख पति युगल किशोर राम, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव, पंसस संतोष उरांव, उमेश यादव, रबदा उप मुखिया उमेश सिंह, अरूण साव, जूनियर इंजीनियर विवेक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख ने किया आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण कार्य का निरीक्षण, अनियमितता का लगाया आरोप



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने महुअरि पंचायत के झरहा गांव में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रखंड प्रमुख ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान झरहा गांव पहुचीं तो देखा कि आंगनबाड़ी निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य शुरू ही हुआ था कि हल्की बारिश में उसके नीव की दीवार टूट गयी है। इससे प्रबाणित होता है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यह भी बताया कि जेएनवी विद्यालय निर्माण कार्य में भी गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में बालू की जगह डस्ट से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस बाबत प्रखंड प्रमुख ने पलामू डीसी को पत्र देकर उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर उप प्रमुख इंदू देवी भी मौजूद थी।

# बाइक चोर और खरीदार समेत चार गिरफ्तार

**हुसैनाबाद पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का पर्दाफांस**
**- चोरी की बाइक भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर बाइक चोर गिरोह का पर्दाफांस करते हुए चोर व खरीदार समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गयी है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से दो दिन पूर्व एक बाइक चोरी हुई थी, जो कांड संख्या 164/2023 के


गिरफ्तार बाइक चोरों की जानकारी देते हुसैनाबाद के थाना प्रभारी।

अप्राथमिकी आरोपित राजीव कुमार सिंह के टंडवा गांव स्थित घर पर देखा गया हैं। इसके सत्यापन के लिए एएसआई धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए और आरोपी व बाइक को हुसैनाबाद थाना ले आए। राजीव से पूछताछ में पिपरा थाना क्षेत्र के सोभीचक ग्राम निवासी पवन कुमार सिंह से बाइक खरीदने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने राजीव सिंह की निशानदेही पर पवन सिंह के साथ दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान नाम सुधीर कुमार सिंह और नितीश कुमार सिंह के रूप में हुई है। सुधीर रेहला थाना क्षेत्र के पांडू बिहारी विगहा, जबकि नितीश पिपरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव का रहने वाला है। पुलिस के समक्ष राजीव और नितिश को चोरी की बाइक खरीदने, जबकि पवन व सुधीर ने बाइक चोरी करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## लोगों के दिलों में हमेशा रहेंगें शैलश सिंह : रुद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला में डीसी के पद पर पदास्थापित शैलश कुमार सिंह का पदस्थापना देवघर जिला कर दिया गया। देवघर पदस्थापना पर पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रोफेशनल विंग कांग्रेस रूद्र शुक्ला ने मुलाकात कर शैलेश सिंह को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही पलामू जिला में सराहनीय और अच्छे कार्यकाल बिताने के लिए दिल से आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। युवा नेता ने कहा कि शैलेश कुमार सिंह का कार्यकाल स्वर्ण युग के रूप में आम जनों के दिलों में विद्यमान रहेगा। इनके कार्यकाल में आम जनता बड़ी सुलभता के साथ अपनी बातों को रखती रही और इनके माध्यम से उन कार्य का निवारण होता था। युवा नेता ने शैलेश कुमार सिंह से समय-समय पर पलामू में आने का आग्रह किया।

## समाजसेवियों ने सैकड़ों बच्चों के बीच वितरित की पठन-पाठन सामग्री



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत झरगड़ा पंचायत के पासवान टोला में सैकड़ों बच्चों के बीच हुसैनाबाद के युवा समाजसेवियों ने कॉपी, रबर, कटर, पेंसिल समेत अन्य पठन-पाठन सामग्रियों का वितरण किया। साइंस वाले सूरज सिंह, युवा समाजसेवी अनुराग कुमार उर्फ राहुल बाबू, रोशन पासवान एवं ओमप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि वे लोग समाज में सकारात्मक पहल जगाने के उद्देश्य से यह कार्य कर रहे हैं, क्योंकि पढ़ेगा हुसैनाबाद, तभी बढ़ेगा हुसैनाबाद। उनका कहना है कि हमसे जितना बन पड़ेगा, हमलोग आगे भी इसी तरह से सामाजिक कार्य करेंगे। इस मौके पर उमेश पासवान, लालजी पासवान, विशुन पासवान, रोहित पासवान, विकेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, अखिलेश पासवान, अजीत पासवान, अंकित कुमार आदि ने उनकी खूब सराहना की।

# पलामू सीएस ने किया रेहला जेपी नर्सिंग होम सील

**गलत ऑपरेशन करने से एक युवक की किडनी खराब होने के आरोप में रेहला थाना में दर्ज कराई गई है प्राथमिकी**

आजद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने जांच के बाद रेहला में संचालित जेपी नर्सिंग होम को सील कर दिया है। इस दौरान रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीएस ने बताया कि जांच के दौरान वहां कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं था जिससे उस सम्बंध में कोई विशेष जानकारी नहीं मिली। लेकिन जांच के दौरान यह पाया गया कि उस परिसर में अवैध रूप से दवाखाना चलता है। वहीं किसी के नहीं रहने से यह जानकारी नहीं मिल पाई की उक्त हॉस्पिटल का संचालन कैसे होता है। उन्होंने यह भी बताया कि नर्सिंग होम के संचालक डॉ अलाउद्दीन अंसारी के विरुद्ध रेहला थाने के घोरडीहा के धर्मेंद्र राम ने प्राथमिकी कराई है। उसी संदर्भ में जांच पड़ताल किया जा रहा है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में वादी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि उसने जेपी नर्सिंग होम में हाइड्रोसील का ऑपरेशन कराया था। तबसे उसकी तबियत और खराब होने लगी। जब वह मेदिनीनगर में एक डॉक्टर से दिखाया तो उसे बीएचयू जाने की सलाह दी गयी। वादी धर्मेंद्र बीएचयू गया तो जांचोपरांत उसे बाहर जाने की सलाह देते हुए बताया गया कि उनकी किडनी खराब हो गई है। तब सीएमसी विलोर पहुंचा। वहां, जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे बताया कि हाइड्रोसिल के ऑपरेशन के दौरान नस कट जाने से किडनी में संक्रमण हो गया है। सीएस ने बताया कि थाना प्रभारी के आवेदन पर जांच किया गया था। जबतक स्थिति स्पष्ट नहीं होगी तबतक नर्सिंग होम सील कर दिया गया है।

गौरतलब हो कि विश्रामपुर नप एवं प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे निजी नर्सिंग होम है जो झोलाछाप डांक्टरों के भरोसे चल रहे है। यह नर्सिंग होम बकायदा पलामू स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में फल फूल रहे है। जेपी नर्सिंग होम के संचालक ने कई बार आई जांच टीम को पैसे के दम पर रफादफा भी कर दिया है।

## ट्रैक्टर-टेंपो की टक्कर में घायल हुआ युवक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बीमोड़-विश्रामपुर मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के पास ट्रैक्टर ने एक टेपों में टक्कर मर दी। जिससे टेंपो में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पांडु थाना क्षेत्र के महूंगावां गांव से नौ युवक बाहर मजदूरी करने के लिए ट्रेन पकड़ने टेंपों से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन जा रहे थे। तभी बरवाडीह अमन पेट्रोल पंप के पास विश्रामपुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया।**

## मटन-चिकन की दुकानों पर लगी लंबी कतार, जाम में फंसे पांकी एसडीपीओ

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सावन महीना शुरू होने से पहले मटन-चिकन की दुकानों पर लोगों की लंबी कतार दिख रही। लोग कतार में खड़े होकर मुर्गे-बकरे की मीट लेने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए दिखे। क्योंकि सावन में अधिकांश घरों में मांस मछली व मुर्गा खाना बंद हो जाता है। उधर, लोगों की अतिरिक्त भीड़ के चलते सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जहां लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की गाड़ी भी भीड़ की हिस्सा बना रहा। लेस्लीगंज बाजार में सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ लगी रही इसके लिए दुकानदारों ने पहले से स्टॉक कर रखा था। वहीं, मुर्गे के मीट 160 रुपए किलो बिकी। जबकि मटन 650 रुपये किलो तक बिका। रविवार होने के कारण लेस्लीगंज मुख्य पथ पर लोगों की भीड़ ज्यादा ही पहुंची थी, जिससे जाम लग गया था।

# अधर में नौनिहालों का भविष्य

**- एक दशक बाद भी अधूरा है मदनपुर का उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छात्र जमीन पर बैठ कर पढ़ने को मजबूर**
**- इलाके में 20 से ज्यादा ऐसे स्कूल जिसके पैसे संवेदक ने निकाल कर भवन को छोड़ दिया अधूरा**
**- छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर पूरा हो भवन का निर्माण कार्य : अरविंद**




आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** सरकार भले ही सूबे में शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लाख दावे करें, लेकिन सच्चाई यह है कि इलाके की भ्रष्ट व्यवस्था कोई विकास नहीं होने दे रही है। नौनिहालों का भविष्य में लटकता जा रहा है। छतरपुर प्रखंड के कई ऐसे विद्यालय हैं जिनके भवन अर्ध निर्मित हैं उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर, मध्य विद्यालय छतरपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खाटीन,खजूरी नौडिहा उच्च विद्यालय, यूपीजी पीएस सड़मा, यूपीजी पीएस ओठकटी, एनपीएस ठेकही आदि शामिल हैं, जिनके भवन निर्माण के पैसे सरकारी बाबुओं की भ्रष्ट गठजोड़ से संवेदक और बिचौलिए डकार गए। ताजा मामलों पर गौर करें तो मदनपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक दशक पूर्व आठ कमरा बनाने के लिए 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। लोगों की मानें तो कमरे बने तो जरूर, लेकिन एक दशक बाद भी न तो उनमें प्लास्टर हुआ ना ही खिड़की दरवाजे ही लग पाये। नतीजन स्कूल आज भूत बंगले में तब्दील हो गया है। आलम ये है कि भवन के अभाव में अधिकांश स्कूलों में पठन-पाठन बाधित हो रहा है। नतीजन निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही स्कूल खंडहर में तब्दील होने लगा है।

इस सबंध में ग्रामीण बताते हैं कि उन्होंने इससे संबंधित शिकायत विभाग से लिखित रूप से की और ट्वीट भी किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। वहीं इलाके के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि इलाके के लगभग 20 से भी ज्यादा ऐसे स्कूल हैं जो अधूरे हैं और संबंधित लोगों से रिकवरी की कार्रवाई जारी है। जल्द ही अधूरे भवनों को टेंडर कर पूरा कर लिया जाएगा। वहीं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सह छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अरविन्द गुप्ता ने कहा कि इलाके के साथ यह भद्दा मजाक है। बच्चे स्कूलों में बैठने को तरस रहे हैं, भवन अधूरे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रहा। कहा कि इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि नगर क्षेत्र में शिक्षण व्यवस्था का क्या हाल है। मदनपुर के लोग बताते हैं कि विद्यालय भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए कई बार विभाग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित किया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस कारण ग्रामीण मायूस हैं अब तो उनमें आक्रोश भी पनपने लगा है। जिला और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह प्राथमिकता के आधार पर उन भवनों का निर्माण सुनिश्चित कराए।

# स्पोर्ट्स



**सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारतीय फुटबॉल टीम ने लेबनान को पेनाल्टी शूटआइट में 4-2 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। 4 चुवाई को कुबैत से खिलाती मुकाबला होने वाला है।**

## सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारतीय फुटबॉल टीम ने लेबनान को हराया

# चार जुलाई को कुवैत-भारत के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**अब तक एक भी मैच नहीं हारी है भारतीय फुटबॉल टीम, लय बरकरार रखने की चुनौती**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारतीय फुटबॉल टीम ने लेबनान को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई। वहां उसका मुकाबला चार जुलाई को कुवैत से होगा। निर्धारित 90 मिनट तक 0-0 की बराबरी के बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में चला गया। एक्स्ट्रा टाइम में भी दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर पाईं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में मैच का फैसला हुआ। टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने यहां शानदार प्रदर्शन करते मैच



को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। उसने पाकिस्तान और नेपाल को शिकस्त दी थी। वहीं, कुवैत के खिलाफ उसका अंतिम ग्रुप मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। अब उसने लेबनान को हराकर जीत के क्रम को जारी रखा है। भारत ने इस महीने की शुरूआत में ओडिशा में इंटरकॉन्टिनेंटल कप के लीग मैच में लेबनान को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। उसके बाद टूर्नामेंट के फाइनल में उसे 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारत ने एक बार फिर से लेबनान को हार का स्वाद चखाया है।

## नौवीं बार चैंपियन बनने पर भारत की नजर

**भारत 13वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह सबसे ज्यादा आठ बार चैंपियन बना है। चार बार टीम उप-विजेता रही है। सुनील छेत्री की कप्तानी में भारतीय टीम की नजर नौवीं बार चैंपियन बनने पर होगी। दूसरी ओर, कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि 'यह मुकाबला काफी कड़ा था। लेबनान के खिलाफ खेलना आसान नहीं होता। हमने अच्छा प्रदर्शन किया। अभी फाइनल के बारे में हम नहीं सोच रहे। यहां से जाने के बाद आराम करेंगे और फिर फाइनल की तैयारी करेंगे।'**

## कोच स्टिमैक की नहीं मिलीं सेवाएं

भारतीय टीम को एक बार फिर से मुख्य कोच इगोर स्टिमैक की सेवाएं नहीं मिलीं। कुवैत के खिलाफ मैच के दौरान क्रोएशिया के इस पूर्व दिग्गज को टूर्नामेंट के दौरान दूसरी बार रेड कार्ड दिखाया गया था। स्टिमैक को पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में भी रेड कार्ड दिखाया गया था। इस कारण वह नेपाल के खिलाफ मैच में डग आउट से बाहर थे। स्टिमैक पर कुवैत के खिलाफ रेड कार्ड मिलने के कारण दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है।

**कार्रवाई :** व्यवसायी और उसके घर पर गोली चलाने के मामले का पुलिस ने किया उद्‍भेदन

# गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के चार गिरफ्तार

### अपराधियों की मदद करने वाले कई सफेदपोश भी रडार पर

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य।

**धनबाद।** नया बाजार के व्यवसायी, मछली कारोबारी रशीद महाजन और अप्सरा ड्रेसेस के मालिक के घर पर विगत दिनों की गयी फायरिंग के मामले का उद्‌भेदन करते हुए पुलिस ने गैंग्स्टर प्रिंस खान गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान ईस्ट बसूरिया थाना क्षेत्र निवासी आसिफ आलम, वासेपुर के कमर मखदुमी रोड निवासी अदनान इमाम उर्फ अंडा, वासेपुर गुलजार बाग निवासी अजहरुद्दीन उर्फ इमरान और रांगाटांड़ निवासी बंटी कुमार रवानी के रूप में हुई है। इनके पास से घटनाओं में प्रयुक्त पिस्टल, कारतूस, मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद की गयी है। इसकी जानकारी धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे रविवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन और डीएसपी (कानून व्यवस्था) के नेतृत्व में इन घटनाओं के अनुसंधान के लिए एक टीम का गठन किया गया था। जो अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर इन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि विगत पांच जून को मोटर व्यवसायी संदीप आनंद ठाकुर को रात में घर जाने के दौरान धैया रानीबान्ध तालाब के समीप अपराधियों ने गोली मार दी थी। इस घटना में पकड़े गए आरोपितों में से अदनान इमाम उर्फ अंडा और अजहरुद्दीन उर्फ इमरान ने घटना को अंजाम दिया था। अदनान गैंगस्टर प्रिंस खान का फुफेरा साला है। वहीं रशीद महाजन और अप्सरा ड्रेसेस के मालिक के घर पर फायरिंग में इन चारों की संलिप्ता थी। अप्सरा ड्रेसेस के मालिक के घर पर फायरिंग के दौरान गोली नहीं चली थी, क्योंकि जैसे ही इन्होंने फायरिंग करनी चाहा, तभी गोली बंदूक में ही फंस गई। यह सभी आरोपित पैसे लेकर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते थे। घटना के बाद उन्होंने बुलेट और आइफोन प्रो फोन भी खरीदा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इन घटनाओं के अनुसंधान में एक दर्जन थानों की पुलिस जुटी थी। इस मौके पर ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार विन्हा, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### फायरिंग का उद्देश्य सिर्फ दहशत फैलाना

एसएसपी ने बताया कि फायरिंग का मुख्य उद्देश्य किसी की जान लेना नहीं, बल्कि दहशत फैलाना था, ताकि भुक्तभोगी आसानी से रंगदारी का पैसा दे दें। ऐसी घटनाओं में इनकी मदद करने को लेकर कई सफेदपोश भी शामिल हैं जिनकी पहचान पुलिस ने कर ली है। उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। किसी को भी बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि घटनाओं को अंजाम देने के लिए एक पूरा नेटवर्क है। जिनकी अलग-अलग जिम्मेदारी तय होती है।

### गोलीकांड में इस्तेमाल हुई बंदूक भी बरामद

#### नये और कम उम्र के लड़कों को गैंग में किया जा रहा है शामिल

एसएसपी ने बताया कि गिरोह के खिलाफ पूर्व में की गई पुलिसिया कार्रवाई के बाद से प्रिंस खान का सारा नेटवर्क खत्म हो गया है। यहां तक कि अपराध को अंजाम देने के लिए उसके पास अब लड़के नहीं बचे हैं। इस कारण अब नए और कम उम्र के लड़कों को पैसों का लालच व अन्य प्रकार के प्रलोभन दे कर गिरोह में शामिल कराया जा रहा है। ऐसे कामों में कई सफेदपोश लोग भी है जो प्रिंस खान का हर प्रकार से साथ साथ दे रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि इन सब के अलावे हर घटना के बाद पर्चा जारी कर वायरल करने के लिए भी एक नेटवर्क काम करता है। यहां तक कि इस नेटवर्क के झांसे में मीडियाकर्मी भी आ जाते हैं और उस पर्चे को प्राथमिकता के साथ दिखाते हैं जिससे अपराधियों का मकसद आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि पर्चा वायरल करने वालों की भी पहचान कर ली गई है। उन्हें भी जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इसके अलावे वैसे नए लड़के जो अपराध की दुनिया मे अपना भविष्य देख रहे हैं उन्हें भी एसएसपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अपराध की दुनिया को छोड़ दें। अन्यथा पुलिस उन्हें नहीं छोड़ेगी और ऐसे लड़कों पर कड़ी कार्रवाई करेगी, जिससे उनका बाकी का जीवन खराब हो जाएगा।

## शिक्षा ही नहीं, अनुशासन, एकता और नैतिकता की भी सीख देता है विद्यालय : विनय चौबे



### डीपीएस बोकारो ने मनाया 37वां स्थापना दिवस

### शैक्षणिक उत्कृष्ता के जरिए देश के विकास में उग्रणी भूमिका निभा रहा डीपीएस बोकारो : अधिशासी निदेशक

### 10वीं-12वीं के टॉपर व शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** 'स्कूल केवल शिक्षा पाने की ही जगह नहीं, यह वह स्थान है जहां आप जीवनपर्यंत के लिए अच्छे मित्र तैयार करते हैं। जहां समयनिष्ठा, कौशल, अनुशासन, नैतिकता, टीम भावना और एकता भी सीखते हैं। जब हम एक होंगे, समाज एकजुट होगा और देश में एकता होगी तो यकीनन किसी भी मुसीबत का सामना आसानी से कर सकते हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव विनय कुमार चौबे (भाप्रसे) ने कही। वे रविवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल), बोकारो के 37वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में हम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी सीखते हैं। प्रतिस्पर्धा शत्रुता नहीं होती। मित्रों से भी प्रतिस्पर्धा होती है, जो हमें स्वस्थ प्रतियोगिता सिखाती है। डीपीएस बोकारो के पूर्व छात्र रहे विनय चौबे ने विद्यालय से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस विद्यालय ने सीबीएसइ 10वीं बोर्ड, मेडिकल और आइआइटी के नेशनल टॉपर दिए हैं। 37 वर्षों की इसकी यात्रा एक गौरवपूर्ण अतीत है। साल-दर-साल यह स्कूल उपलब्धियों के नए आयाम गढ़ता चला जा रहा है। उन्होंने यहां का छात्र होना खुद के लिए गर्व का विषय बताया। साथ ही उपस्थित सभी अभिभावकों को भी गौरवान्वित होने का संदेश दिया। शिक्षा, अनुशासन, रचनात्मकता और प्रसन्नता में संतुलन की आवश्यकता बताते हुए वास्तविक खुशी के लिए बच्चों में मूल्यों के विकास पर बल दिया। इस मौके पर बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (कार्मिक व प्रशासन) सह डीपीएस बोकारो के प्रो-वाइस चेयरमैन राजन प्रसाद भी मौजूद थे। इस अवसर पर राजन प्रसाद ने कहा कि यह स्थापना दिवस इस विद्यालय की गौरवमयी यात्रा का स्मरण कराता है। वस्तुतः डीपीएस बोकारो शैक्षणिक उत्कृष्टता के जरिए राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने स्कूल के सफर व उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए इसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवोन्मेषी पहल व अत्याधुनिक संसाधनों की उपलब्धता के अलावा विद्यालय द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में भी किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ 22 वर्षों से संचालित **दीपांश शिक्षा केंद्र,** समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र **कोशिश** और पर्यावरण-संरक्षण के लिए गो ग्रीन इनिशिएटिव के तहत किए जाने वाले कार्यों को रेखांकित किया। इसके पूर्व, अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। वहीं, समारोह का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री के सचिव, डीसी व ईडी सह प्रो-वीसी, उनकी सहधर्मिणी प्रीति शरण और प्राचार्य डॉ गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत व विद्यालय गीत की प्रस्तुति की। इसके बाद केक काटा गया और बच्चों ने बर्थ डे सॉन्ग प्रस्तुत किया और विद्यालय की वाइस हेड गर्ल श्रुति सिंह ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में इस वर्ष के 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के टॉपरों सहित विषयवार शत-प्रतिशत अंक लाने वाले और शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए लगभग 500 विद्यार्थियों को अतिथियों ने मेडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस बीच दीपांश शिक्षा केंद्र के बच्चों में प्रभारी डॉ सरिता गंगवार की उपस्थिति में विद्यालय परिधान का वितरण किया गया और स्कूल की गृह-पत्रिका जेनिथ का विमोचन भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक सचिव लीजा ने किया।

## भाजपा और मासस छोड़कर सैकड़ों ग्रामीणों ने थामा झामुमो का दामन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत कालीमाटी पंचायत बाउरी टोला में रविवार को जिला परिषद क्षेत्र संख्या 29 के सदस्य मो गुलाम कुरैशी ने प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन के साथ मिलकर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा और मासस को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो में शामिल होने वालों ने कहा कि वे लोग राज्य की हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो को ही समर्थन करेंगे। इस दौरान सदस्यता अभियान में रंगलाल बाउरी, पप्पू कुमार, राकेश बाउरी, गणेश बाउरी, मनोज बाउरी, राजा बाउरी, उत्तम बाउरी, गौतम बाउरी, रमेश सहानी, दिनेश सहानी, तापस बाउरी, सुनील बाउरी, विकास बाउरी, बिमल बाउरी, सुरेश बाउरी, बापू लोहार, सुजित पंडित, शंभू बाउरी, उज्जवल बाउरी, शिबू बाउरी, बिशु बाउरी, अजय बाउरी, शशिकला देवी, कविता बाउरी, माधुरी बाउरी, सरस्वती बाउरी, सूझता बाउरी, सीमा बाउरी, मंजू बाउरी, संगीता बाउरी, मालती देवी, सीता बाउरी, राखी बाउरी, किरण देवी, सावित्री देवी, गीता बाउरी, ममता देवी, सुनीता बाउरी आदि शामिल थे।

## लोदना प्रबंधन ने बिना घर दिये एक भी मजदूर को हटाया तो नहीं चलने देंगे आउटसोर्सिंग : हर्ष सिंह

### जमसं नेता ने साउथ तिसरा में किया यूनियन कार्यालय का उद्‌घाटन, पानी, प्रदूषण और विस्थापन की समस्या पर प्रबंधन को दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत साउथ तिसरा हाजिरी घर के समीप जमसं (बच्चा गुट) यूनियन कार्यालय का उद्‌घाटन संघ के केंद्रीय संगठन सचिव सह कांग्रेस नेता हर्ष सिह ने रविवार को किया। इस अवसर पर अजय सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जमसं (बच्चा गुट) का दामन थामा। इस दौरान हर्ष सिह ने कहा कि कोलियरी क्षेत्र में मजदूरों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक कार्यालय का होना अति आवश्यक है। इसी कारण कार्यालय खोला गया है। उन्होंने कहा कि लोदना क्षेत्र में विस्थापन बहुत बड़ी समस्या है। लोदना प्रबंधन ने यदि एक भी मजदूर को बिना घर दिये हटाया तो क्षेत्र में आउटसोर्सिंग नहीं चलने देंगे। हमारे लिए सबसे पहले मजदूर है। प्रबंधन को आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने से पहले आसपास के लोगों के पुनर्वास की पूरी व्यवस्था करनी होगी। जब तक बेहतर पुनर्वास नहीं होगा एक भी घर खाली नहीं होने देंगे।

### प्रबंधन एक माह के अंदर करे सभी समस्याओं का समाधान

प्रदूषण के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोदना के जीएम से बात हुई है। सरकार और विभाग को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है। हैबी ब्लास्टिग और परियोजना से फैल रहे प्रदूषण को लेकर डीजीएमएस की ओर से जांच कराई गई है। एक माह के अंदर समस्या के समाधान की बात कही गई है। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो परियोजना चलने नहीं देंगे। डीजीएमएस के मानको के अनुरूप आउटसोर्सिंग परियोजना चलाना होगा। गोल्डन पहाड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में पीट वाटर की समस्या को लेकर लोदना क्षेत्र के जीएम बीके सिन्हा से फोन पर बात कर हर्ष सिंह ने कहा कि बी पैच में ओबी गिराने से पहले प्रबंधन पानी की व्यवस्था करे, नहीं तो एनटीएसटी परियोजना का चक्का जाम कर दिया जाएगा। इस मौके पर मुन्ना सिंह,अजय सिंह, रामकृष्ण पाठक, मनोज सिंह, अक्षय यादव, उमाशंकर शाही, शैलेंद्र सिंह, अनिमेष सिंह, कन्हैया चौहान, जीतू मोदक, राजू राय, बबलू सिंह, अजय पासवान, सुजीत सिंह, रमेश राम, नसीब चौहान और कुमार अमित आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया निरसा प्रखंड के कई गांव का दौरा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने निरसा प्रखंड के काशीटांड़, चारकोनिया, मिना बजार, रतनपुर, बेलडागां आदि गांवों में रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन के सशक्तीकरण और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही यथासंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। लगे हाथ तालडांगा पंचायत में भी पदयात्रा की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार केवल प्रचार में जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रही है, जबकि हकीकत में ग्रामीण सरकारी योजनाओं से वंचित है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के दागी विधायक ढुल्लू महतो और पांच हत्याकांड के आरोपित सह भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी रागिनी सिंह शहर के प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित कर रही हैं। अब भाजपा के दागी लोग जिला के समाजिक और प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित कर रहें हैं यह उनका अपमान है। इस दौरान मौके पर प्रखंड अध्यक्ष डीएन यादव, निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी, जियाउल हुसैन, संतोष कुमार राय, मंजूर आलम उर्फ सोनू, रेखा साव, कपिल देव प्रसाद, सयामल भंडारी, दीपक बाउरी, मंगल बाउरी, मुजाहीद शेख, वकोधर चक्रवर्ती, नकुल बाउरी, मिथुन बाउरी, सलाउद्दीन अंसारी, उमा बाऊरी, एजाज अंसारी, बहादुर बाउरी, सुरेश बाउरी और बबलू बाउरी आदि मौजूद थे।

## विश्वकर्मा समाज के संयुक्त वार्षिक अधिवेशन में कार्यकारिणी का गठन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा समाज बोकारो का 44 वां व 45वां संयुक्त वार्षिक अधिवेशन का आयोजन रविवार को हुआ। जिसकी अध्यक्षता वीपी शर्मा ने की। इस अधिवेशन में वर्ष 2023 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सोनेलाल मिस्त्री समाजपति, बृहस्पति शर्मा एवं रामनाथ शर्मा उपसमाजपति, कैलाश शर्मा महामंत्री, लालबाबू शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा, रतनलाल विश्वकर्मा एवं महेंद्र शर्मा संयुक्त महामंत्री और प्रकाश शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके साथ ही मंदिर निर्माण समिति के लिए रामलखन मिस्त्री अध्यक्ष, मधुसूदन शर्मा संयोजक, अरूण शर्मा धन संग्रह प्रभारी एवं सुभाष शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

## पानी की मांग को लेकर मोहरीबांध और लालटेनगंज के लोगों ने किया सड़क जाम



बिजली-पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** पानी की समस्या से परेशान घनुडीह स्थित मोहरीबांध और लालटेनगंज के लोगों का गुस्सा रविवार की सुबह फूट पड़ा। माडा की ओर से सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं किए जाने से आक्रोशित दर्जनों लोगों ने झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग को जाम कर जमकर विरोध प्रर्दशन किया। उधर, सड़क जाम की सूचना पाकर घनुडीह पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम कर रहे लोगों को दोपहर बाद पानी चालू करवाने का आश्वासन देकर शांत करवाया। जिसके बाद रोड जाम हटा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पीट वाटर, चापानल और कुआं की कोई व्यवस्था नहीं है। माडा का पानी प्रत्येक महीना 12 दिन बंद रहता है। भारी गर्मी में पेयजल नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। बच्चे-महिलाएं भी दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि केवल झूठा आश्वासन देते रहते हैं। दूसरी ओर, स्थानीय जगदीश भुइंया ने बताया कि क्षेत्र के लोग पहले से बिजली-पानी की समस्या से तो जूझ ही रहे थे, अब प्रदूषण की समस्या से भी त्रस्त है। लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। इस मौके पर जागो भुइयां, वरुण वर्मा, बेबी निषाद, पिंटू मंडल, उमेश राम, मंजू देवी, रामा देवी, गुड्डू रवानी, राजकुमार निषाद, गोविंद यादव, मुन्ना यादव, राहुल कुमार, शंकर कुमार, शुभम कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

### गोपीनाथपुर बस्ती में मासस का आयोजित हुआ मिलन समारोह

## जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी केंद्र व झारखंड सरकारें: अरुप चटर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता



मासस के मिलन समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक अरुप चटर्जी व अन्य।

**चिरकुंडा।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) पिछले 50 वर्षों से निरसा में पीड़ित, शोषित आदिवासियों और गरीबों की लड़ाई लड़ रहा है। मासस पार्टी ही नहीं, बल्कि एक परिवार है जो जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहता है। उक्त बातें निरसा के पूर्व विधायक सह मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरुप चटर्जी ने कही। वे मुगमा बस्ती में पार्टी की ओर से आयोजित मिलन समारोह के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अरुप चटर्जी की उपस्थिति में झामुमो समेत अन्य पार्टियों को छोड़कर आए कुछ लोगों ने मासस का दामन थाम लिया। इस अवसर पर अरुप चटर्जी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश में महंगाई बढ़ी है। पेट्रोल-डीजल के साथ ही रसोई गैस सिलेंडर तक महंते हो गए हैं। जो रसोई गैस सिलेंडल कभी 430 रुपये में मिलते थे वो आज 1160 में मिल रहे हैं। बेरोजगारी भी बढ़ी है। इस ओर ध्यान देने के बजाय मोदी सरकार बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है। सरकारी कंपनियों का निजीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से भी लोगों को काभी उम्मीद थी कि बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और गांवों का विकास होगा, लेकिन यह सरकार भी लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी। वहीं, मासस के पूर्व जिलाध्यक्ष आगम राम में कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है जो उन्हीं के हितों के लिए काम कर रखे है। मजदूर किसानों की गाढ़ी कमाई का पैसा बड़े-बड़े पूँजीपति लेकर विदेश भाग रहे हैं। जनता पर अलग-अलग तरीके से टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा और पूंजीपतियों का तीन लाख करोड़ रुपया माफ कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मासस ही गरीबों की असली पार्टी है। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिप सदस्य बादल चंद्र बाउरी ने किया। उन्होंने कहा कि गोपीनाथपुर पहले से ही लाल झण्डा के नेतृत्व, में एकजुट था, आज पुनः सभी लोग अपने घर वापस आ गये। लखींदर मराण्डी मासस में शामिल होने वाले लोगों को अरुप चटर्जी ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर गोपाल दास, अमित मुखर्जी, दशरथ धीवर, मधु दाख राजू राय, रामजी यादव, रोशन शिक्षा, दिनेश हाडी पप्पू रहमान के अलावा शामिल होने वालों में देवा देवा मराठी, रविलाल किस्कु, रामल मरांडी बाबूलाल कुंवर भराष्ट्री सुनील मरांडी, कोलेश्वर मुमू शनि, सोरेन, शुरू मराण्डी, विश्वमाथ मुझे, मनतेअ मुझे, बिट्टू बिहू किष्कु, सुनील मुमू और साजन बम आदि शामिल थे।

## पोलियो मुक्त देश बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी : अनिल अग्रवाल



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह बाजार स्थित पोलियो केंद्र संख्या 38 में रविवार को 0 से 5 वर्ष के नौनिहालों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलायी गयी। केंद्र का शुभारंभ झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि पोलियो की दवा जीरो से पांच वर्ष के बच्चे को अवश्य पिलाए। तभी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। झारखंड ही नहीं पूरे देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है। पोलियो अभी भी पूरी तरह से दुनिया से खत्म नहीं हो पाया है। अभी भी कई देश पोलियो से जूझ रहे हैं। हालांकि भारत को 2014 में पोलियो मुक्त देश घोषित कर दिया गया है। इस मौके पर पिंकी देवी, बबिता देवी आदि उपस्थित थे।

## किट इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए गोवा के राज्यपाल

# रचनात्मक अल्पसंख्यक समाज को समग्र रूप से बदल सकते हैं : पीएस श्रीधरन पिल्लई

- किट इंटरनेशनल स्कूल की उपलब्धियां कई गुना अधिक हैं : डॉ अच्युत सामंत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल का 17वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और छात्रों की जबरदस्त भागीदारी के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सही मानसिकता और रचनात्मक भावना वाले व्यक्तियों के एक छोटे समूह की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी समाज में रचनात्मक अल्पसंख्यक पूरे समाज को, समग्र रूप से मनुष्यों को बदल सकते हैं। स्वतंत्रता संग्राम की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले नेता आबादी का केवल पांच प्रतिशत थे।

राज्यपाल ने किट और किस के संस्थापक डॉ अच्यॉुत सामंत की एक अनुकरणीय शख्सियत के रूप में सराहना करते हुए कहा कि देश को वैश्विक शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए भारत को उनके जैसे अधिक दूरदर्शी लोगों की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा ज्ञान प्रदान करने से परे है और ज्ञान-संचालित समाज का निर्माण करते समय विनम्रता को बढ़ावा देना चाहिए। राज्यपाल ने किट की उम्मीदों से बढ़ कर उल्लेखनीय वृद्धि और विकास के लिए भी अपनी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय से स्वामी विवेकानंद द्वारा अपनाये गये मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया, जो शिक्षा को व्यक्तियों के भीतर पूर्णता की प्राप्ति के रूप में देखते थे।

किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने अपने संबोधन में कहा कि किट इंटरनेशनल स्कूल केवल 17 वर्ष पुराना है, लेकिन इसकी उपलब्धियां कई गुना अधिक हैं। यह देश का एकमात्र स्कूल है, जिसे विशेष बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित एक विशेष स्कूल के रूप में भी जाना जाता है। किट किस पूर्वी भारत का एकमात्र स्कूल है, जो तीन बोर्डों से संबद्ध है। उन्होंने गोवा के राज्यपाल को एक 'लेखक-राज्यपाल', गहन ज्ञान वाला और सार्वजनिक जीवन में कई गुणों से युक्त व्यक्ति बताया। स्थापना दिवस समारोह में अलंकरण समारोह भी शामिल था। समारोह में किट और किस की अध्यक्ष शाश्वती बल, किट इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डॉ मोना लिसा बल, स्कूल के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार सुअर और अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के प्रमुख रोरी मैकनामारा आदि उपस्थित थे।

# धबलेश्वर पीठ को जोड़ने वाले नये स्थायी पुल का निर्माण अंतिम चरण में



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** धबलेश्वर पीठ को जोड़ने वाले नये पुल का निर्माण अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। फिनिशिंग के बाद यह सार्वजनिक यातायात के लिए खुला रहेगा। मुख्य प्रशासनिक सचिव ने स्थिति की जांच की। श्रद्धालु अब स्थल मार्ग से धबलेश्वर पीठ तक पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। परिणामस्वरूप, धबलेश्वर पीठ में भक्तों और तीर्थयात्रियों की संख्या में अत्यधिक रूप से वृद्धि होगी, राज्य ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य सचिव श्री संजय कुमार सिंह ने पुल निर्माण स्थल का दौरा करने और कार्य की प्रगति का परिदर्शन करने के बाद उपरोक्त बातें कहीं।

धबलेश्वर पीठ की भौगोलिक स्थिति इसे एक खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाती है। श्री सिंह ने कहा कि एक बार इस स्थान तक सुरक्षित कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो जाने के बाद, बड़ी संख्या में पर्यटकों के आकर्षित होने की उम्मीद है। बीजू सेतु योजना के तहत मंचेश्वर गांव से धबलेश्वर पीठ तक यह पुल 22 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। इसकी लंबाई 276 मीटर है, जबकि चौड़ाई 6.2 मीटर है। इसके दोनों ओर 360 मीटर की कनेक्टेवित सड़क भी बनायी गयी है। हालांकि पहले धबलेश्वर पीठ को जोड़ने वाला कोई स्थायी पुल नहीं था, जिससे श्रद्धालू और भक्त को झुलापुल पर निर्भर रहना पड़ता था। इसके अलावा, श्रावणमास, बडओशा के सा बिभिन्न त्योहारों के दौरान तीर्थयात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। न केवल तीर्थयात्रियों को बल्कि पूजक को भी बाबा धबलेश्वर पीठ पर रीति नीति को करने के लिए आवश्यक सामग्रियों को लाने के लिए परिवहन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इस दौरे के दौरान मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास प्रदीप कुमार सामल, मुख्य अभियंता (पुल एवं भवन) रमेश चंद्र बेहेरा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सोमनाथ परिडा, निरीक्षक अशोक कुमार साहू, उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क एवं प्रभारी पदाधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क ललाटेंडीयू महापात्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहायक कार्यपालक पदाधिकारी अजय कुमार महापात्र उपस्थित थे। इस पुल का उद्घाटन कार्यक्रम कटक जिला प्रशासन के सूचित निर्णय के अनुसार किया जायेगा।

# टाटा स्टील ने ओड़िशा में पहला पूर्ण रूप से चालित निर्माण सेवा केंद्र लांच किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारत के अग्रणी इस्पात उत्पादक और निर्माण समाधान उद्योग में अग्रणी टाटा स्टील ने ओडिशा में पहला पूर्ण रूप से चालित निर्माण सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। कटक के टांगी में 11 एकड़ में फैली यह ऐतिहासिक सुविधा टाटा स्टील के चैनल पार्टनर सागर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में बनायी गयी है। अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं से सुसज्जित, इस केंद्र में अनुकूलित कट एंड बेंड सरिया, कपलर थ्रेडिंग और वेल्डेड वायर मेष का उत्पादन करने की 3000 टीपीएम क्षमता है। टाटा स्टील के मार्केटिंग एंड सेल्स, लॉन्ग प्रोडक्ट्स के चेयरपर्सन आशीष अनुपम ने इस केंद्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के बाद भुवनेश्वर में एक ग्राहक बैठक हुई, जिसमें टाटा स्टील के अधिकारियों और ओडिशा के एइसी (आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और निर्माण) समुदाय के सदस्यों के साथ बुनियादी ढांचे, आवास और औद्योगिक क्षेत्रों के लगभग 60 ग्राहकों ने भाग लिया।

## बाहानगा ट्रेन दुर्घटना में मृत 13 शवों को सौंपा गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एम्स से बाहानगा ट्रेन दुर्घटना के 13 शवों को परिजनों को सौंपा गया। डीएनए परीक्षण के परिणाम के आधार पर और एम्स भुवनेश्वर, भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) और जीआरपी के समन्वय से बाहानगा ट्रेन दुर्घटना पीड़ितों के 13 शवों को आज मृतकों के परिजनों को सौंप दिया गया है। इनमें से चार शव बिहार, आठ शव पश्चिम बंगाल और एक शव को झारखंड भेजा गया है। परिवारों के लिए क्रमशः ओड़िशा सरकार और पूर्व तट रेलवे द्वारा एंबुलेंस और एस्कॉर्ट वाहन की व्यवस्था की गयी है। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री की घोषणा के अनुसार रेलवे द्वारा परिवार के सदस्यों के परिजनों को अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया है। दावेदारों के आने तक शव सौंपने की प्रक्रिया जारी रहेगी।



प्रदेश भाजपा द्वारा प्रमंडल स्तर पर 1 जुलाई को हजारीबाग में सांगठनिक बैठक आयोजित की गयी। इसमें पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के अलावा प्रमंडल में निवास करनेवाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री आदि शामिल हुए।

## भारत-म्यांमार-थाइलैंड राजमार्ग का काम 70 प्रतिशत पूरा : नितिन गडकरी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को बताया कि भारत-म्यांमार-थाईलैंड से होकर गुजरने वाली महत्वाकांक्षी राजमार्ग परियोजना का 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। बता दें, भारत, म्यांमार और थाईलैंड लगभग 1,400 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर काम कर रहे हैं। इसके पूरा होने से दक्षिण पूर्व एशिया से जुड़े देशों के बीच व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने परियोजना की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह राजमार्ग मणिपुर में मोरेह को म्यांमार के रास्ते थाईलैंड के माई सोत से जोड़ेगा।

# जेएसपी फाउंडेशन ने पुरी रथ यात्रा के दौरान 10.5 लाख भक्तों को भोजन परोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक शाखा जेएसपीएल फाउंडेशन ने पूरी रथ यात्रा के दौरान भक्तों को ताजा पका हुआ भोजन, ठंडा पीने का पानी और ग्लूकोज पैकेट प्रदान किये। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल की मार्गदर्शन में 19 जून को नेत्रोत्सव से लेकर 29 जून को सुनाबेश तक भक्तों को ताजा पका हुआ भोजन, ठंडा पीने का पानी और ग्लूकोज के पैकेट उपलब्ध कराये। अपने मिशन जीरो हंगर कार्यक्रम के तहत, फाउंडेशन ने 10.5 लाख गर्म पका हुआ भोजन परोसा, जिसमें चावल, दालमा (दाल और सब्जियों का मिश्रण) और खट्टा (टमाटर, गुड़ और खजूर से बनी चटनी) शामिल थे। जिला प्रशासन के समन्वय से फाउंडेशन ने पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के पास एक रसोई घर के साथ एक विशेष स्टॉल बना कर 100 स्वयंसेवकों के सहयोग से अपनी सेवाएं दी।

जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने भगवान जगन्नाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्तों को भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। हम भगवान जगन्नाथ के आभारी हैं कि उन्होंने हमें अपने भक्तों की सेवा करने का अवसर दिया।

झारखंड से अपने परिवार के साथ आये हुए सोरेन मुंडा ने कहा कि मेरे जैसे कई लोग यह भोजन पाकर बहुत खुश हैं। गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिए हम जेएसपी फाउंडेशन के आभारी हैं। फाउंडेशन ने रथयात्रा के दिन भक्तों के बीच 6000 ग्लूकोज पैकेट भी वितरित किये। रथ यात्रा में सामिल सरकारी अधिकारी और स्वयंसेवकों की सहायता के लिए फाउंडेशन ने जिला प्रशासन को 700 रेनकोट प्रदान किये। इसके अलावा, फाउंडेशन ने भक्तों के बीच पेयजल वितरण के लिए 1000 लीटर क्षमता की दो ठंडे पेयजल वैन भी तैनात कीं। फाउंडेशन ने उत्सव के दौरान भक्तों के उपयोग के लिए जिला प्रशासन को 70 वायो शौचालय भी प्रदान किया गया था। जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता ने रथ यात्रा के दौरान इस भव्य भोजन सेवा की सफलता के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकार, पुरी बस ओनर्स एसोसिएशन और स्थानीय युवाओं को धन्यवाद दिया। 12 दिनों में 10.5 लाख भोजन परोसना एक मैराथन कार्य है, लेकिन हमारे चेयरमैन नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल की प्रेरणा से यह संभव हो पाया है। उन्होंने इस सेवा कार्यक्रम में सहयोग के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।


























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**